रांची से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# अलग पहचान

सत्य की उड़ान

रांची, सोमवार 17 जून 2024, वर्ष 10, अंक 163, पृष्ठ 8, मूल्य 5/ रुपया

alagpahchan@gmail.com www.alagpahchan.com

### सरायकेला-खरसावां जिला के राजनगर प्रखंड स्थित मतकमबेड़ा ग्राम में आयोजित हुआ कार्यक्रम

# सीएम चम्पाई सोरेन ने उद्घाटन-शिलान्यास व लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का किया वितरण

**रांची**

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन सरायकेला-खरसावां जिला के राजनगर प्रखंड स्थित मतकमबेड़ा ग्राम में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास एवं लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का किया वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीद ग्राम मतकमबेड़ा गांव को आदर्श गांव बनाएंगे। हमारे युवा वर्ग घर, समाज और राज्य के विकास में महत्वपूर्ण कड़ी हैं। आज मैं यहां के युवा वर्ग से अपील करता हूं कि वे नशा पान से दूर रहें। नशा मुक्त समाज का निर्माण हम सभी की नैतिक जिम्मेवारी है। नशा नाश का कारण बनता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार आपकी आशा, आकांक्षा और विश्वास पर खरा उतारने का हरसंभव प्रयास कर रही है। जनहित से जुड़े कार्य निरंतर किए जा रहे हैं। सरकार की कल्याणकारी योजनाएं धरातल पर उतरे, इसके लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। अब राज्य के किसान भाइयों के खेत में सालभर पानी होगा। सालों भर खेत-खलियान हरा भरा रहेगा। अब राज्य के किसान भाई वर्ष में तीन बार फसल उपजा सकें, इस निमित्त कई बड़ी सिंचाई परियोजनाओं का कार्य प्रगति पर है।

बुनियादी व्यवस्था को मजबूत करना प्राथमिकता मुख्यमंत्री ने कहा कि हम जल्द ही बुनियादी व्यवस्था को मजबूत करेंगे और झारखंड प्रदेश को अग्रणी राज्यों में शामिल करेंगे। अब प्रदेश के हर पंचायत में ऐसी व्यवस्था लागू करने जा रहे हैं, जहां 24 घंटे दवाइयां उपलब्ध होगी। पढ़ाई में पैसा नहीं बनेगी बाधा, बच्चों को गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना से करेंगे मदद मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि राज्य के आदिवासी, दलित, मजदूर, किसान, अल्पसंख्यक सहित सभी वर्ग-समुदाय के बच्चे-बच्चियों को गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ हमारी सरकार दे रही है। अब हमारे बच्चों की पढ़ाई पैसों के कारण नहीं रुकेगी। हमारी सरकार शिक्षा व्यवस्था को निरंतर सुदृढ़ करने हेतु प्रयासरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षित समाज से ही विकसित राज्य का निर्माण किया जा सकेगा। 182 योजनाओं की मिली सौगात मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर लाभुकों के बीच करीब 54 करोड़ 42 लाख 46 हज़ार 498 रुपए की परिसंपत्ति का वितरण किया एवं 182 योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। जहां 7000.759 लाख रुपये की 22 योजनाओं का उद्घाटन संपन्न हुआ । वहीं, 16709.805 लाख रूपए की लागत से 160 योजनाओं की आधारशिला रखी। इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री दीपक बिरुआ, आयुक्त कोल्हान प्रमंडल हरि प्रसाद केसरी, जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा एवं जिले के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक समेत तमाम पदाधिकारीगण मौजूद थे।

**54 करोड़ 42 लाख 46 हज़ार 498 रुपए की बांटी परिसंपत्ति**



### अबुआ आवास योजना के माध्यम से हर गरीब का होगा अपना आशियाना

मुख्यमंत्री ने आयोजित समारोह में लगभग 16709.805 लाख रुपए की 160 योजनाओं का शिलान्यास और 7000.759 लाख रुपए योजनाओं का किया उद्घाटन, लाभुकों के बीच लगभग 54 करोड़ 42 लाख 46 हज़ार 498 रुपए की बांटी परिसंपत्ति। मुख्यमंत्री ने कहा - राजनगर में कभी सुखाड़ की स्थिति उपन्न नहीं होगी, 12 महीने हर खेत में होगा पानी और बुनियादी ढांचे को मजबूत करना सरकार की प्राथमिकता, सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक व्यवस्था को कर रहे मजबूत। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जल्द घरेलू उपभोक्ताओं को निःशुल्क 200 यूनिट बिजली प्रदान करने जा रही है। अबुआ आवास योजना के माध्यम से हर गरीब का होगा अपना आशियाना, आवास आवंटन में गड़बड़ी पाए जाने पर होगी कार्रवाई। घर-घर पहुंच रही सरकार की योजनाएं, 24 घंटे हर पंचायत में मुहैया होंगी दवाइया।



**रांची। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से आज बूटी रोड, मोरहाबादी, रांची स्थित आवास में केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, पिस्का नगड़ी, रांची के निदेशक डॉ0 एन0बी0 चौधरी ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।**

## पुरे बिहार में करेंगे चक्का जाम : क्षत्रिय करणी सेना



*औरंगाबादः- क्षत्रिय करणी सेना बिहार के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री एवं कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रणधीर सिंह ने कहा कि नबीनगर प्रखंड के खैरा ग्राम के श्रेया कुमारी हत्याकांड के संदर्भ में औरंगाबाद एसपी से बात हुई है, और उन्होनें एसपी को उचित जांच कर जल्द से जल्द 18/06/2024 तक अपराधियों की गिरफ्तारी करने को कहा है, और उसे फांसी की सजा मिले की फिर से किसी समाज के माता पिता को ऐसा दिन ना देखना पडे अगर ऐसा नही होता है तो फिर हमारा संगठन क्षत्रिय करणी सेना 19/06/2024 को समयः 10 बजे पहले एसपी ऑफिस औरंगाबाद घेराव करेंगे, फिर पूरे बिहार में चक्का जाम करने का काम करेंगे।*

## आरपीएफ हटिया ने रेल्वे टिकट दलाल को पकड़ा

**हटिया** । रांची।16.06.24 को आरपीएफ पोस्ट हटिया निरीक्षक रूपेश के पर्यवेक्षण में आरपीएफ हटिया फ्लाइंग टीम रांची के साथ मिलकर ऑपरेशन उपलब्ध के तहत रेल्वे आरक्षण केंद्र, हटिया में गुप्त निगरानी के उपरांत एक संदिग्ध व्यक्ती को प्रीमियम तत्काल रेल्वे आरक्षण टिकट के साथ देखा गया, संदेह होने पर उससे पूछताछ की गई जिसमें उसने अपना नाम पिंटू कुमार, उम्र 24 वर्ष पता गिरिडीह, झारखंड बताया तथा उसने कबुल किया कि उक्त टिकट कुछ रुपयों के लालच में दूसरे व्यक्ती के लिए ले रहा था। उसके पास से रेल्वे आरक्षण का दो रिक्त फॉर्म भी बरामद हुआ जिसे हटिया आरपीएफ के उपनिरीक्षक सूरज राजवंशी ने बरामद टिकटों सहित अन्य मूल्य 3,900 रुपये को ज़ब्त कर उक्त व्यक्ती को रेल्वे अधिनियम की धारा 143 अंतर्गत गिरफ्तार किया जिसे अगले दिन न्यायालय में पेश किया जाएगा।

## सीएम सोरेन नेशनल हो फ़िल्म फेस्टिवल में मुख्य अतिथि के रूप में हुए शामिल




**जमशेदपुर।**

एक्सएलआरआई ऑडिटोरियम, जमशेदपुर में आयोजितकार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा- जनजातीय भाषाओं में फिल्मों का निर्माण बड़ी उपलब्धि मुख्यमंत्री बोले -जनजातीय भाषाओं में फिल्म निर्माण और कलाकारों को आगे बढ़ाने में राज्य सरकार करेगी पूरा सहयोग जमशेदपुर ।राज्य की जनजातीय भाषाओं में फिल्मों का निर्माण बड़ी उपलब्धि है । इसके माध्यम से जनजातीय कलाकारों को अपनी कला दिखाने का बेहतरीन मौका मिल रहा है। जनजातीय भाषाओं में फिल्म निर्माण और कलाकारों को आगे बढ़ाने में राज्य सरकार पूरा सहयोग करेगी। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने आज जमशेदपुर के एक्सएलआरआई ऑडिटोरियम में आयोजित तीसरी नेशनल हो फिल्म फेस्टिवल में ये बातें कही। इस अवसर पर उन्होंने जनजातीय कलाकारों को सम्मानित किया और नेशनल हो फिल्म फेस्टिवल के सफल आयोजन के लिए ऑल इंडिया हो एसोसिएशन को बधाई दी।

**अपनी कला- संस्कृति, भाषा और परंपरा को आगे बढ़ाना है** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की पहचान जनजातीय कला-संस्कृति, भाषा और परंपरा से है ।हमारी सरकार अपनी इसे संरक्षित, समृद्ध और आगे ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है।

इस अवसर पर मंत्री बन्ना गुप्ता मंत्री, दीपक बिरुवा और जिले के उपायुक्त और वरीय पुलिस अधीक्षक समय कई पदाधिकारी मौजूद थे।







एक्सएलआरआई ऑडिटोरियम, जमशेदपुर में आयोजित कार्यक्रम

### रांची में बड़े पैमाने पर आदिवासी जमीन को जेनरल बनाकर उसकी खरीद-बिक्री

# आदिवासियों की जमीन पर हुआ बड़ा खेल

रांची। जमीन घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग के बिंदु पर अनुसंधान कर रही ईडी की छानबीन में यह खुलासा हुआ है कि रांची में बड़े पैमाने पर आदिवासी जमीन को जेनरल बनाकर उसकी खरीद-बिक्री की गई है। जालसाजी के इस नेटवर्क में सरकारी अधिकारी-कर्मचारी से लेकर जालसाजों का एक गिरोह वर्षों से सक्रिय रहा है। गाड़ीगांव निवासी जमीन कारोबारी शेखर महतो उर्फ शेखर कुशवाहा ने रिमांड पर पूछताछ में भी ईडी को इसकी जानकारी दी है।

अंतु तिर्की के सिंडिकेट का रहा है हिस्सा शेखर कुशवाहा, झामुमो नेता अंतु तिर्की के सिंडिकेट का हिस्सा रहा है। इसमें अंतु तिर्की, विपिन सिंह, प्रियरंजन सहाय, इरशाद अख्तर, इरशाद, सद्दाम हुसैन, अफसर अली आदि शामिल रहे हैं। शेखर कुशवाहा को छोड़ सभी रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में बंद हैं।

यह गिरोह वर्षों से रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस कोलकाता में रजिस्टर्ड जमीन के मूल दस्तावेज में हेराफेरी करता था। आदिवासी प्रकृति की जमीन जिसकी खरीद-बिक्री नहीं हो सकती थी, उसके दस्तावेज में हेराफेरी कर उसे खरीद-बिक्री योग्य बनाता था और उसकी खरीद-बिक्री करता था।

फर्स्ट मार्क स्कूल के समीप बुधु पाहन की 54 डिसमिल जमीन। रिम्स के पीछे बड़ा भूखंड, जो आदिवासी प्रकृति का है, उसे जेनरल बनाकर बेच दिया गया, जिसकी जांच अभी जारी है।

### जमीनों की अवैध तरीके से हुई खरीद-बिक्री



गाड़ी मौजा की 4.83 एकड़ जमीन, बरियातू की 8.86 एकड़ भुइहरी प्रकृति की सीएनटी एक्ट से संबंधित जमीन, बड़गाईं अंचल में खाता नंबर 234 के प्लॉट नंबर 1055 में 42 डिसमिल जमीन, खाता नंबर 232 के प्लाट नंबर 1054 में 32 डिसमिल जमीन, जिसके रैयत सुखदेव पाहन व अन्य थे, बड़गाईं मौजा में ही पाहन परिवार से 73 डिसमिल जमीन को 40 लाख में खरीदा और 2.06 करोड़ में बेच दिया। बड़गाईं मौजा में कैलाश पाहन से 15 डिसमिल जमीन पर कब्जा किया।



### ईडी ने शेखर को तीन दिनों की रिमांड पर लिया

पीएमएलए कोर्ट के आदेश पर ईडी ने शेखर कुशवाहा को तीन दिनों की रिमांड पर ले लिया है। पूछताछ में उसने कई अन्य आदिवासी जमीन के बारे में ईडी को बताया है, जिसकी अवैध तरीके से खरीद-बिक्री की गई है। यह जमीन बरियातू, मोरहाबादी, चिरौंदी, बड़गाईं, रिम्स आसपास की हैं।

## रांची में लॉ वर्कशाप में आरपीएफ कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया

*__रांची__। हटिया डीआरएम बिल्डिंग के सेमिनार हॉल में रविवार को लॉ वर्कशाप का आयोजन हुआ। वर्कशाप में भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही रांची मंडल के आरपीएफ अफसरों और स्टाफ को पुराने कानून में हुए संशोधन का प्रशिक्षण दिया गया।*

*वर्कशॉप में रांची लॉ कॉलेज के प्रोफेसर एस श्रीवास्तव और उत्कर्ष वर्मा एवं अधिवक्ता प्रदीप सरकार ने आरपीएफ कर्मियों को जानकारी दी। वर्कशॉप की अध्यक्षता रांची मंडल के सहायक सुरक्षा आयुक्त अशोक कुमार सिंह ने की। प्रशिक्षण के दौरान भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के पहलुओं के बारे में पूरी जानकारी दी गई।कानून में नए संशोधन की मंजूरी 25 दिसंबर, 2023 को मिली, जिसे एक जुलाई को देशभर में लागू किया जाना है।*



**मातृत्व प्रेम** | **योगी आदित्यनाथ मूल रूप से उत्तराखंड के ही हैं और बचपन में ही घर छोड़ दिया था और गोरखपुर पहुंच गए थे**

# यूपी के सीएम योगी AIIMS ऋषिकेश पहुंचकर मां से मिले

देश दुनिया में अपने सख्त और कड़क प्रशासक वाली छवि के लिए लोकप्रिय उत्तर प्रदेश की सीएम योगी आदित्यनाथ का एक ऐसा भी रूप सामने आया जिसे देखकर लोग पिघल गए. यह नजारा तब सामने आया जब वे अपनी बीमार मां से मिलने ऋषिकेश स्थित एम्स में पहुंचे थे. वे अपनी मां का हालचाल पूछ्ते हुए ऐसे दिखाई दे रहे थे जैसे कोई बच्चा अपनी मां की तरफ देख रहा. योगी आदित्यनाथ मूल रूप से उत्तराखंड के ही हैं और बचपन में ही घर छोड़ दिया था और गोरखपुर पहुंच गए थे.

गायत्री देवी का कुशलक्षेम जानने पहुंचे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को ऋषिकेश स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती अपनी मां गायत्री देवी का कुशलक्षेम जानने पहुंचे. सीएम योगी ने खुद तस्वीर शेयर की है जिसमें वे अपनी मां से हालचाल पूछते नजर आ रहे हैं. एम्स-ऋषिकेश की तरफ से बताया कि गायत्री देवी को अस्पताल में आंख के उपचार के लिए भर्ती किया गया था.

ऋषिकेश एम्स पहुंचे योगी जानकारी के मुताबिक बताया कि करीब पौने दो घंटे के अपने प्रवास के दौरान योगी ने रुद्रप्रयाग में शनिवार को हुए सड़क हादसे के घायलों से भी मुलाकात की. उन्होंने घायलों को राज्य सरकार की तरफ से हर संभव सहायता का आश्वासन भी दिया. रुद्रप्रयाग हादसे का शिकार हुए कई लोग उत्तर प्रदेश के नोएडा, मथुरा और झांसी के रहने वाले हैं.

मां की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल इससे पहले, शनिवार को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी गायत्री देवी से मिलकर उनका हाल-चाल जाना था. उन्होंने चिकित्सकों से उनके स्वास्थ्य और उपचार की जानकारी भी ली थी. फिलहाल योगी आदित्यनाथ और उनकी मां की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है. इसे देखकर लोग प्रतिक्रिया भी दे रहे हैं।



## मोदी के जम्मू-कश्मीर दौरे से पहले शाह की मीटिंगःकहा- आतंकवाद को कुचलें

**श्रीनगर/नई दिल्ली**

गृह मंत्री अमित शाह दिल्ली में रविवार 16 जून को जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मीटिंग की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आतंकवाद को कुचलें और आतंकियों की मदद करने वालों पर भी सख्ती बरतें। शाह ने यह भी कहा कि जम्मू-कश्मीर में सभी तीर्थस्थलों और पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था और बढ़ाई जाए। 21 जून को योग दिवस के कार्यक्रम के लिए प्रधानमंत्री मोदी 20 जून को श्रीनगर जा रहे हैं। 29 जून से अमरनाथ यात्रा भी शुरू हो रही है। इसे देखते हुए शाह ने अधिकारियों से यात्रा रूट और नेशनल हाईवे पर अतिरिक्त बलों की तैनाती करने कहा है।

**अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा पर रहा फोकस** मीटिंग के दौरान गृह मंत्री शाह का पूरा फोकस अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा पर रहा। पिछले साल 4.28 लाख से ज्यादा तीर्थयात्री अमरनाथ यात्रा पर आए थे। इस बार यह आंकड़ा पांच लाख तक जा सकता है। यह कहा जा रहा है कि इस बार सभी तीर्थयात्रियों को स्पेशल कार्ड दिए जा सकते हैं, ताकि उनकी असली लोकेशन का पता लगाया जा सके। इसके अलावा सभी को 5 लाख रुपए का बीमा कवर दिया जा सकता है। सूत्रों ने कहा कि तीर्थयात्रियों को ले जाने वाले प्रत्येक जानवर के लिए 50 हजार का बीमा कवर भी होगा। शाह ने एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन से बेस कैंप तक सभी तीर्थयात्रियों की सुरक्षा पर जोर दिया है।



- **मीटिंग के दौरान गृह मंत्री शाह का पूरा फोकस अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा पर रहा।**
- **पिछले साल 4.28 लाख से ज्यादा तीर्थयात्री अमरनाथ यात्रा पर आए थे। इस बार यह आंकड़ा पांच लाख तक जा सकता है।**

## धनबाद पुलिस मुख्यालय उपाधीक्षक 2 कार्यालय में एक प्रेस वार्ता का आयोजन




**धनबाद** : धनबाद पुलिस मुख्यालय उपाधीक्षक 2 कार्यालय में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमे तोपचांची थाना क्षेत्र के उक्त महीने पहले एक ट्रक को लूटकांड किया गया था जहा पुलिस के द्वारा एक टीम गठित कर लूटकांड करने वाले अपराधी को तोपचांची पुलिस ने उद्भेदन किया है। उपाधीक्षक 2 संदीप कुमार गुप्ता ने मीडिया को बताया की तोपचांची थाना कांड संख्या 81/24 दर्ज कांड को जाँच करते हुए लूटी गई मोबाइल के अनुसन्धान करते हुए तकनिकी शाखा के मदद से उक्त अपराधी को चिन्हित करते हुए अभियुक्त आजाद हुसैन श्यामडीह ज्योत्स्ना मैरेज हॉल हॉल के घर पर छापेमारी किया गया। जहां से लूट कांड में प्रयोग किया गया एक काला रंग का हौंडा मोटर साईकिल बरामद की गई। आज़ाद हुसैन के निशानदेही पर अभियुक्त मेराज अंसारी श्यामडीह बस्ती कतरास, ओम सिंह बेहराकुदर बरोरा, कुल 3 अपराधी को गिरफ्तार किया गया है। इस छापेमारी में तोपचांची थाना प्रभारी संजय कुमार,पुलिस अंचल निरीक्षक विवेकानंद श्रीवास्तव, नितिन पोद्दार, कुबैर साव,राकेश कुमार दुबे हवलदार रामकिशुन मुंडा जवान आलेख कुमार और संजीव कुमार सिंह मौजूद थे। छापेमारी में पुलिस के द्वारा जब्त की गई सूची में काण्ड में लूटी गई टेक्नो स्पार्क कंपनी का मोबाइल, काला रंग का हौंडा यूनिकॉर्न मोटर साईकिल जब्त की गई। है।

## भाकपा माले महिला मोर्चा की जिला संयोजक बनी आरती पासवान



**धनबाद**। भाकपा माले महिला मोर्चा की रविवार को बैंक मोड़ स्थित कार्यालय में बैठक हुई। जिसमें माले की जिला महिला मोर्चा का गठन हुआ। सर्वसम्मति से आरती पासवान को जिला संयोजक मनोनीत किया गया। श्रीमती पासवान ने कहा कि हम सभी एकजुटता के साथ पार्टी हित में गरीब -शोषित महिलाओं के उत्थान के लिए काम करेंगे। साथ ही पार्टी द्वारा निर्देशित कार्यों व अनुशासन का पालन करेंगे। कॉमरेड संदीप कौशल ने कहा कि जिला में महिला मोर्चा के गठन होने के बाद पार्टी और मजबूती से जिलें में जमीनी स्तर पर काम करेंगी।

आने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी मजबूत माले प्रत्याशी उतारने का काम करेगी। बैठक में निभा पासवान, चंदा देवी,कंचन देवी,नमिता कुमारी,अनु देवी, बबिता देवी,शकुंतला देवी,इंदु देवी, जागो देवी,बालिका देवी, सुशीला देवी उपस्थित थी।

## तोंपचाची थाना क्षेत्र लूट कांड के मामले में श्यामडीह का आजाद हुसैन समेत 2 अपराधी गिरफ्तार

**तोंपचाची** थाना क्षेत्र लूट कांड के मामले में श्यामडीह का आजाद हुसैन समेत 2 अपराधी गिरफ्तार* लूट कांड में शामिल मोटरसाइकिल एवं लूटी गई मोबाइल पुलिस ने किया बरामद धनबाद। पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय दो धनबाद के कार्यालय में रविवार को एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें बताया गया कि उत्तर प्रदेश प्रयागराज निवासी राम लोटन सिंह के आवेदन पर कार्रवाई करते हुए तोपचांची थाना कांड संख्या 81/ 2024 दिनांक 25. 5. 2024 धारा 392 भा दं वि के अंतर्गत तीन अज्ञात अपराधकर्मियों के विरुद्ध दर्ज कांड में अग्रतर अनुसंधान के क्रम में तकनीकी शाखा धनबाद के सहयोग से कांड में लूटी गई मोबाइल के संबंध में पता चला। जिसके बाद वरीय पुलिस अधीक्षक धनबाद के निर्देशानुसार उक्त कांड में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी तोंपचाची थाना के नेतृत्व में एक छापेमारी दल गठित किया गया ।जिसके आधार पर कांड में अप्राथमिकी अभियुक्त आजाद हुसैन पिता मोहम्मद शमसुद्दीन अंसारी पता श्यामडीह नियर ज्योत्सना मैरिज हॉल के बगल घर पर छापामारी किया गया। जहां से कांड में प्रयोग किया गया एक काला रंग का होंडा यूनिकॉर्न मोटरसाइकिल संख्या jh10 सीएम 4820 एवं लुटी गई मोबाइल बरामद की गई ,एवं उक्त अभियुक्त के स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर बारी-बारी से कांड के अन्य दो अप्राथमिकी अभियुक्त मेराज अंसारी उम्र 24 वर्ष पिता रहीम अंसारी साकिम श्यामडीह बस्ती थाना कतरास जिला धनबाद एवं ओम सिंह उम्र 19 वर्ष पिता नागेश्वर सिंह साकिम बहराकुदर थाना बरोरा जिला धनबाद के घर पर छापामारी कर गिरफ्तार किया गया। जिन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## बीसा पंचायत में सम्पन्न हुआ महाशिव मण्डा पूजा



*अनगड़ा :- बीसा पंचायत पाहन टोली में विगत रात भव्य महाशिव उपासना के साथ आग पर चल कर फुलखुन्दी कार्यक्रम को सोकता और भोगता ने अपना शिवभक्ति का परिचय दिए इस मौके पर मुख्य अतिथि आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उराँव ने कहा शिव की महिमा पूजा पाठ करने से एवं इस तरह का गाँव में मण्डा पूजा करने से ग्रामीणों के बीच शिव भक्तों में विश्वास बढेगा,जिससे समाज में आपराधिक घटना और समाज में बढ़ रहे कुरीतियों का अंत होगा इसी बीच छः निर्त्य की शुरुआत केंद्रीय सचिव पारसनाथ उराँव के साथ सामुहिक रूप से फीता काटकर पंचायत के मुखिया मनज्योति देवी,भाजपा नेता सत्यदेव भोगता, उमेश बड़ाईक और मण्डा पूजा समिति के संचालन दिलीप कुमार पाहन,अध्यक्ष समल मुंडा,सचिव सलिखराम बड़ाईक उपस्थित थे।*

## देह व्यापार में शामिल तीन लोगों को पुलिस ने मौर्या होटल से किया गिरफ्तार




रांची पुलिस ने देह व्यापार में शामिल तीन लोगों को मौर्या होटल से गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार अभियुक्त का नाम रीना देवी, विशाल सिन्हा और जस्मिना मंडल है. शनिवार को पुलिस को जानकारी मिली थी कि सुनिता कॉम्प्लेक्स स्थित मौर्या होटल में अनैतिक देह व्यापार का धंधा किया जा रहा है।

# बिजली-पानी देने में झारखंड सरकार फेलः बाबूलाल

**पलामू।**

पलामू सहित पूरे प्रदेश में बिजली और पानी देने में भी झारखंड सरकार फेल साबित हो रही है।भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि केंद्र सरकार की नल-जल योजना का लाभ दिलाने में भी राज्य सरकार फेल हो गयी है। थोड़ा बहुत काम हुआ है, लेकिन उसकी भी स्थिति ठीक नहीं है। लोगों को पर्याप्त बिजली-पानी मिले, इसके लिए युद्धस्तर पर अभी भी कार्य करने की जरूरत है। बिजली नहीं मिलने के कारण व्यवसाय ठप है।

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पलामू का अधिकतम तापमान हर दिन 45 डिग्री को पार कर रहा है। ऐसे में एसी तक काम करना बंद कर दिया है। अधिकारियों से जब पूछा जा रहा है, तो वे सुधार करने की बात कहते हैं, लेकिन रिजल्ट नहीं नजर आता। अभी जो स्थिति है उसमें हर एक जनमानस तक बिजली और पानी प्राथमिकता के तौर पर मिलनी चाहिए। बाबूलाल मरांडी लोकसभा चुनाव में मिली हार और जीत की समीक्षा के लिए रविवार को डालटनगंज पहुंचे। यहां परिसदन में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि 400 सीटें लाने के लक्ष्य के साथ चुनाव लड़ने पर विपक्ष ने दुष्प्रचार किया। खासकर अनुसूचित जाति-जनजाति और पिछड़ा वर्ग के लोगों को दिगभ्रमित किया गया। बताया गया कि भाजपा यदि इतनी सीटें ले आयेगी, तो देश का संविधान बदल दिया जायेगा। उनके हक-अधिकार मारे जायेंगे। आरक्षण समाप्त हो जायेगा। इसका प्रभाव चुनाव में पड़ा और भाजपा को सीटें गंवानी पड़ी।



बाबूलाल मरांडी ने कहा कि लोकसभा चुनाव की समीक्षा के दौरान विधानसभा चुनाव की तैयारी पर भी चर्चा की गयी। बाबूलाल ने कहा कि जिस सीट पर लोकसभा चुनाव में जीत मिली है, वहां समीक्षा कर यह जानने की कोशिश की जायेगी कि और अधिक वोट मिल सकते थे या नहीं। जहां हार हुई है वहां यह जानने की कोशिश की जायेगी कि उम्मीदवार को वोट किन कारणों से नहीं मिले।

## पापाजी के प्रेरणा से आज बहुत रोना आ रहा है




हमारे बीच हमारे पापाजी नहीं है लेकिन उनकी हर बातें दिमाग़ में चलचित्र के तरह चल रही है। उन्होंने ये सिखाया कि अपनी ईमानदारी और अपनी चरित्र को कभी नहीं बेचना सबसे बड़ी दौलत चरित्र होता है लेकिन लोगों ने हर समय चरित्र पर अंगुली उठा रहे और उठते आ रहें आज हमारे पापाजी और मां की बहुत याद आ रही है हमें हर समय हौसला दिया की तुम ये काम कर सकतीं हो आज मैं अखबार जो निकली हुं मेरे पापाजी के प्रेरणा से आज बहुत रोना आ रहा है आज मैं बहुत अकेली हूं और महसूस कर रहीं हूं पापाजी को शत् शत् नमन happy father's day

## गंभीर मरीज को तत्काल 2 यूनिट रक्त उपलब्ध कराई



धनबाद, चिरकुंडा के रहने वाले मरीज सुभाष शर्मा उम्र 60 वर्ष जिनके शरीर में हीमोग्लोबिन की मात्रा केवल 3.1ग्राम हो गई थी शारीरिक कमजोरी और उच्च थाइराइड से पीड़ित कुमारडुबी के एक निजी अस्पताल में भर्ती हैं डॉक्टर ने इनके लिए तत्काल दो यूनिट बी पॉजिटिव रक्त व्यवस्था करने की बात कही ।सूचना प्राप्त होते ही इसकी जानकारी फ़ोन के माध्यम से श्यामलाल अग्रवाल के द्वारा समर्पण एक नेक पहल के जिला अध्यक्ष मनोज कुमार मंडल को दी गई ,हीमोग्लोबिन काफी कम और कमजोरी रहने के कारण रक्त की तुरंत ज़रूरत थी ,जैसे ही श्री मंडल को सारी बातों का पता चला अपना उन्होंने तत्परता दिखाते हुए संस्था के सक्रिय सदस्य रक्तदाता नज़रुल जी रक्तदान के लिए आग्रह किया।

## खेलगांव से नामकुम आरओबी तक सड़क होगी चकाचक



रांची। खेलगांव से नामकुम आरओबी तक सड़क बनाने का फैसला लिया गया है। कहीं-कहीं दो लेन और कुछ किमी रोड चार लेन तक बनायी जायेगी। वर्तमान सड़क को चौड़ा किया जायेगा। 15 माह में इसे बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इस सड़क के बनने से नामकुम की ओर से आने वाले वाहनों को काफी फायदा होगा। वे खेलगांव होते हुए बूटी मोड़ निकल सकेंगे। आवागमन अधिक सुगम होगा। पथ निर्माण विभाग ने इनर रिंग रोड के रूप में इसे विकसित करने का फैसला लिया है जो रांची को अंदर ही अंदर सड़कों से जोड़ेगी। करीब छह किमी इस रोड़ को 53.64 करोड़ की लागत से बनाया जायेगा। कैबिनेट की मंजूरी के बाद अब पथ निर्माण विभाग ने इसके निर्माण के लिए काम जारी किया है। पथ निर्माण से निबंधित संवेदकों को इसके निविदा में भाग लेने का अवसर है। 21 जून को ऑनलाइन निविदा प्रकाशित की जायेगी।

जुलाई माह तक फाइनल कर दिया जायेगा जमीन अधिग्रहण की अड़चन होने पर प्राक्कलित राशि में बदलाव भी होगा। इंजीनियरों ने बताया कि जल्द ही उनकी ओर से सभी इनर रिंग रोड से चयनित सड़कों का काम जारी किया जायेगा।

## दो साल से अधिक समय के बाद केंद्र सरकार ने झारखंड को प्रधानमन्त्री आवास ग्रामीण से आवास बनाने की योजना पर अपनी सहमति




**रांची** : झारखण्ड। दो साल से अधिक समय के बाद केंद्र सरकार ने झारखंड को प्रधानमन्त्री आवास ग्रामीण से आवास बनाने की योजना पर अपनी सहमति दी है। इसकी सूचना राज्य सरकार को मिल गयी है। लगभग 1.20 लाख से अधिक आवास स्वीकृत किये जा सकते हैं। इस वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए आवास निर्माण का लक्ष्य संभवतः इसी माह झारखंड सहित सभी राज्यों को मिल जायेगें। हालांकि, इसकी पूरी विवरणी अभी तक विभाग को नहीं मिली है। जल्द ही जिलावार आंकड़ा केंद्र से भेजा जायेगा। अधिकारिक सूत्रों के अनुसार बिहार को करीब 10-12 लाख तक आवास मिलने की सूचना है। अधिकारियों ने बताया कि बेघरों की संख्या को देखते है आवास बनाने का लक्ष्य मिल रहा है। संभावना है इसमें और बढ़ोतरी होगी। आवास निर्माण के लिए दो लाख रुपये दिये जायेंगे। इसके अलावा शौचालय, बिजली की सुविधा भी दी जायेगी। इस राशि से दो से तीन कमरें का आवास बनेगा।

केंद्र ने तीन करोड़ आवास बनाने का रखा है लक्ष्य केंद्र में तीसरी बार सत्ता में वापस आने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी पहली कैबिनेट की बैठक मे ही तीन करोड़ आवास बनाने की स्वीकृति दी। ये आवास अगले पांच सालों में बनाये जायेंगे। सभी राज्यों का लक्ष्य इसके लिए निर्धारित किया गया है। तय समय पर आवास निर्माण कार्य कराया जायेगा। झारखंड सरकार ने 2021 में ही केंद्र से करीब दस लाख आवास की स्वीकृति की मांग की थी। केंद्र ने इसमें दो लाख लाभुकों का नाम डिलिट किया और कहा था कि ये योग्य नहीं हैण् शेष आठ लाख लाभुकों को आवास देना था, लेकिन केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने यह शर्त लगा दी कि पहले से स्वीकृत आवास को पूरा करने के बाद ही नयी आवास योजना स्वीकृत की जायेगी। करीब तीन लाख आवास का काम पेंडिंग था, जिसे पूरा कराने का लक्ष्य दिया गया। हालांकि, राज्य सरकार ने कई दफा केंद्र से अनुरोध किया पर नया आवास नहीं मिला। राज्य सरकार ने इसके बाद यह आरोप लगाया कि केंद्र झारखंड के साथ सौतेलापन अपना रहा है। इसके बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड के बेघरों के लिए राज्य योजना अबुआ आवास योजना प्रारंभ किया। पहले चरण में दो लाख लोगों का आवास स्वीकृत कराया गया। अब भी 30 से 35 हजार आवास का काम पेडिंग है।

## बेंगाबाद से पीछा करते हुए नगर थाना क्षेत्र में दो अपराधी को दबोचा



गिरिडीह// एसपी दीपक कुमार शर्मा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बेंगाबाद से पीछा करते हुए नगर थाना क्षेत्र में दो अपराधी को दबोचा। दोनों अपराधियों के ऊपर लूट,फिरौती,आर्म्स एक्ट और गोली मारकर हत्या करने का मामला दर्ज है। बताया जा रहा है की दोनों अपराधियों के बारे में जमशेदपुर पुलिस से सूचना मिली थी।

# बकरीद को लेकर सभी थानों में शांति समिति की बैठक





**धनबाद** । कतरास। बकरीद पर्व शांतिपूर्ण ढंग से मनाने को लेकर कतरास थाना परिसर में शांति समिति की बैठक थानेदार असित कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई. संचालन मो शहाबुद्दीन ने किया. बैठक में शांति समिति के सदस्यों ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने का निर्णय लिया।मौके पर उपस्थित जनों ने अपना विचार भी व्यक्त किया. बैठक में थाना प्रभारी असित कुमार सिंह, हरि प्रसाद अग्रवाल, मासूम खान, कमलेश सिंह, मुन्ना सिद्दीकी, महेश पासवान, चुन्ना यादव, सरदार बलवीर सिंह, रघुनाथ हजारी, श्यामाकांत गुप्ता, उदय वर्मा,सुरेश अग्रवाल, जियाउल हक, प्रिंस शर्मा, नवदीप गुप्ता आदि मौजूद थे. जोगता थाना में शांति समिति की बैठक थानेदार राजेश कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई. संचालन समाजसेवी मोहम्मद शकील अहमद ने की।मौके पर थानेदार राजेश कुमार ने पर्व को शांति, सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की. उन्होंने सरकारी गाइडलाइन से अवगत कराते हुए कहा कि संवेदनशील जगहों पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी. उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट किए जाने पर कार्रवाई होगी। इसके लिए सोशल मीडिया पर सतत निगरानी रखी जाएगी. बैठक में शकील अहमद, भोला राम, सुदर्शन सिंह, रामेश्वर राम, रूस्तम अंसारी, मो. अनसारुल, मुन्ना, अनुज सिन्हा, मुकेश गुप्ता, मजहर अंसारी, मोहन लाल नोनियां, जावेदअंसारी, मंगल चौहान, निर्मल कुमार, शहाबुद्दीन अंसारी आदि उपस्थित थे।

## धनवार में एलपीजी सिलेंडर ब्लास्ट से उड़ गई घर की छत, महिला झुलसी, जद में आए दो घरों को भी पहुंचा नुकसान



**गिरिडीह** : धनवार में एलपीजी सिलेंडर ब्लास्ट से उड़ गई घर की छत, महिला झुलसी, जद में आए दो घरों को भी पहुंचा नुकसान। गिरिडीह के धनवार थाना इलाके के नगर पंचायत मस्जिद गली में रविवार शाम तेज आवाज के साथ एलपीजी सिलेंडर ब्लास्ट कर गया. ब्लास्टिंग इतना अधिक शक्तिशाली था की जिस घर का सिलेंडर ब्लास्ट हुआ. उसी घर के सामने एक पेड़ में ब्लास्ट के कारण आग लग गया. गनीमत रही की घटना के वक्त सिर्फ एक महिला घर में चंद फासले पर थी, जो मामूली रूप से झुलसी।

## एस के राय के चौबीस वें पुण्य तिथि वर्क सोप के समीप धूमधाम से मनाई



तिसरा। गोलकडीह और के ओसीपी के मजदूरों कि ओर से स्व एस के राय के चौबीस वें पुनः तिथि रविवार को गोलकडीह वर्क सोप के समीप धूमधाम से मनाई गई। स्व राय के बड़े पुत्र जैनेन्द्र राय सहित उपस्थित नेताओं और मजदूरों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि स्व एस के राय मजदूरों का मसीहा थे आज कोल इंडिया में मजदूरों का जो पेंशन मिल रहा है वह राय सहाब की देन है। उन्होंने ने घनुडीह कोलियरी से मजदूरों के हक और अधिकार के लिए लड़ाई लड़नी शुरू की जिसके कारण उन्हें अपनी नौकरी गंवानी पड़ी। लेकिन उन्होंने ने कभी हार नहीं मानी। मजदूरों के आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के कारण निजी मालिकों के लठैतों के द्वारा उन पर हमला किया गया। जिससे मजदूरों में एक अलग पहचान बन गई। उस वक्त झरिया विधानसभा से जनप्रतिनिधि के रुप मे चुनाव लड़ें और विधायक बने।जीवन के अन्तिम छण तक पूरे कोयलांचल में मजदूर मसीहा के रुप में चर्चित हुए। वक्ताओं ने कहा कि घनुडीह उनका कर्म भूमि रहा है। यहीं कारण है कि आज भी घनुडीह,गोलकडीह,कुइया आदि क्षेत्र से लोग गोलकडीह पहुंचकर श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए थे।इस मौके पर जैनेंद्र राय, वैभव सिंहा,युगल किशोर शर्मा,राजु राय, नागेन्द्र कुमार, भूपेन्द्र सिंह, भगवान नोनिया,मिथेलेश सिंह,मंटु शर्मा,अनिल कुमार राय , दीपक सिंह,शैलेश राय, रमेंद्र राय,ललन सिंह , चंद्र रीका पासवान, प्रेमचंद्र प्रसाद, बंटी राय,लाल बहादुर यादव,मनिष राय आदि शामिल थे।

## दामोदर बचाओ आंदोलन के तहत दामोदर नदी के सुदामडीह सूर्य मंदिर घाट एवं सिंदरी डोमगढ घाट पर दामोदर महोत्सव मनाया गया



दामोदर बचाओ आंदोलन के तहत आज 16 जून को दामोदर नदी के सुदामडीह सूर्य मंदिर घाट एवं सिंदरी डोमगढ घाट पर दामोदर महोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में दामोदर बचाओ आंदोलन के साथ-साथ भारतीय मजदूर संघ ,सर्वो मुखी विकास परिषद, एवं बिरसा मुंडा स्काउट गाइड के कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर दामोदर नदी का पूजन आरती के साथ-साथ विचार गोष्ठी भी आयोजित की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संयोजक अरुण राय ने कहा कि दामोदर नदी 2004 तक विश्व स्तर के प्रदूषित नदी में गिना जाता था ।दामोदर बचाव आंदोलन के लगातार प्रयास से आज दामोदर नदी 95% औद्योगिक प्रदूषण से मुक्त हो चुकी है। नगर निगम एवं नगर परिषद के प्रदूषित जल मल आज भी दामोदर में गिर रही है ।जिसे दामोदर प्रदूषित हो रही है इस प्रदूषण को रोकने की आवश्यकता है तभी दामोदर नदी प्रदूषण मुक्त हो सकता है। दामोदर बचाओ आंदोलन के प्रयास से दामोदर नदी को नमामि गंगे योजना में शामिल की गई है। धनबाद में दामोदर नदी के पांच सहायक नदी नाले जो दामोदर नदी को प्रदूषित जल मल से प्रदूषित कर रहा है उसके मुहाने पर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाने की स्वीकृति मिल चुकी है। कार्यक्रम में सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं ने दामोदर नदी को प्रदूषण मुक्त स्वच्छ एवं निर्मल बनाने की शपथ ली एवं दामोदर के किनारे अवस्थित कॉल वासरियों ,कल कारखानों से मांग की गई की दामोदर में प्रदूषित जल न गिराये ।प्रदूषण नियंत्रण नियम का पालन करें। इस अवसर पर सुदामडीह सूर्य मंदिर घाट दामोदर नदी के किनारे एवं सिंदरी के डोंमगढ घाट पर वृक्षारोपण भी किया गया। कार्यक्रम में अरुण राय ,प्रभास अग्रवाल बिरसा मुंडा स्काउट एंड गाइड के सचिव पप्पू पंडित , सर्वोनमुखी विकास परिषद के सचिव अशोक सिंह ,भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री धर्मजीत चौधरी ,पार्षद प्रियंका देवी ,सुनील उरांव, धनंजय कुमार, विदेशी सिंह,ममता सिंह, मालती देवी, ललिता देवी, आशा देवी, अंजली सिंह ,मंजू देवी, विनोद पांडे, मिथिलेश कुमार मौजूद थे।

## 15 जून को 41 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है



**गिरिडीह** : धनवार में एलपीजी सिलेंडर ब्लास्ट से उड़ गई घर की छत, महिला झुलसी, जद में आए दो घरों को भी पहुंचा नुकसान। गिरिडीह के धनवार थाना इलाके के नगर पंचायत मस्जिद गली में रविवार शाम तेज आवाज के साथ एलपीजी सिलेंडर ब्लास्ट कर गया. ब्लास्टिंग इतना अधिक शक्तिशाली था की जिस घर का सिलेंडर ब्लास्ट हुआ. उसी घर के सामने एक पेड़ में ब्लास्ट के कारण आग लग गया. गनीमत रही की घटना के वक्त सिर्फ एक महिला घर में चंद फासले पर थी, जो मामूली रूप से झुलसी।

## 18 साल के लड़के ने फांसी लगा, सदमे में पिता की भी मौत; गांव में मातम



**रांची**। राहे थाना क्षेत्र के लोवाहातू गांव में एक घर से पिता-पुत्र का शव एक साथ निकला। 18 वर्षीय वरुण कुमार महतो ने शुक्रवार की रात अपने घर में फांसी लगा ली। शनिवार की सुबह पुत्र की मौत की जानकारी मिलने पर सेवा सदन अस्पताल में भर्ती 55 वर्षीय पिता दयाराम महतो की सदमे से मौत हो गयी। सूचना मिलने पर राहे पुलिस गांव पहुंच कर वरुण के शव को कब्जे में लेकर रिम्स में पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया। परिजनों का कहना है कि वरुण कुछ दिनों से तनाव में था, संभवतः इसलिए उसने फांसी लगा ली। शनिवार की देर शाम दोनों शवों का गांव के श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। वरुण घर का इकलौता चिराग था, पुत्र और पति की मौत के बाद वरुण की मां कैकेयी देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। लोवाहातू गांव निवासी दयाराम महतो रांची के सेवा सदन में भर्ती था। वह एक सप्ताह से बीमार था। पुत्र वरुण की मौत की सूचना मिलने पर सदमे में अस्पताल में ही दयाराम महतो ने दम तोड़ दिया। इसके बाद दयाराम का शव गांव लाया गया(

# अयोध्या आ रहा देश का सबसे बड़ा धनुषःलंबाई इतनी कि हाईवे के तारों में फंसा, कंपनी अफसरों को बुलाया; 4 हजार किलो का गदा पहुंचा



*लखनऊ*

*अयोध्या में देश का सबसे लंबा धनुष और बाण स्थापित होगा। धनुष की लंबाई 33 फीट और वजन 3400 किलो है। धनुष के साथ 3900 किलो का गदा भी लगेगी। गदा और धनुष-बाण पंच धातु से बनाए गए हैं। इसे राजस्थान में सुमेरपुर के शिवगंज स्थित श्रीजी सनातन सेवा संस्थान ने बनवाया है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा- सूचना मिली है कि कुछ भक्त गदा और धनुष-बाण लेकर आ रहे हैं। पहले उसे कारसेवकपुरम में रखा जाएगा, फिर तय किया जाएगा कि इन्हें कहां स्थापित किया जाए।*

***धनुष-बाण और गदा की क्या है विशेषता जानिए इस रिपोर्ट में... राजस्थान से अयोध्या 5 पड़ाव में निकाली गई यात्रा*** *राजस्थान से अयोध्या के बीच पांच पड़ाव पार करते हुए यह कारवां अयोध्या पहुंच रहा है। इसमें पहला पड़ाव बर में, दूसरा जयपुर में, तीसरा आगरा में था। चौथा पड़ाव लखनऊ में, फिर पांचवां और आखिरी पड़ाव है अयोध्या। हर पड़ाव में कई प्रमुख राजनेताओं, साधु-संतों और आम लोग इस गदा और धनुष का स्वागत कर रहे हैं। इस यात्रा को निकालने के लिए पिछले तीन महीने से तैयारी की जा रही थी। मार्च से कारीगरों से लेकर यात्रा निकालने वाले लोग इसमें लगे हुए थे। यात्रा में साथ चलने वाले लोगों के लिए 105 एसी बसों का इंतजाम किया गया। राजस्थान से ही इन बसों में लोग धनुष-बाण और गदा के साथ अयोध्या पहुंच रहे हैं।*

***हाईटेंशन तार में फंसने से धनुष की लंबाई छोटी करनी पड़ी*** *सबसे पहले पाली में हाईवे पर 72 फीट बालाजी से कुछ आगे राम धनुष का रथ रोकना पड़ा था। वजह बनी हाईटेंशन लाइन। दरअसल, धनुष की लंबाई ज्यादा होने से वह हाईवे पर हाईटेंशन तार से टकरा रहा था। यात्रा को रोककर बिजली विभाग को सूचना दी गई। हाईवे टीम मौके पर पहुंची और धनुष लिए रथ को सड़क के किनारे कराया। ताकि किसी हादसे से बचा जा सके। आगे बढ़ने से पहले रास्ते में ही धनुष की लंबाई कम की गई। धनुष को लेकर ट्रोला लखनऊ के करीब पहुंच गया है। अब तक की जानकारी के अनुसार भीलवाड़ा में 17 फीट लंबा और 900 किलो वजनी धनुष स्थापित है। वहीं, देश की सबसे वजनी और लंबी गदा इंदौर के पितृ पर्वत पर स्थापित है। इसका वजन 21 टन और लंबाई 45 फीट है।*

***रामधनुष और गदा को तैयार करने में लगा ढाई महीने का वक्त*** *सुमेरपुर के कारीगर कैलाश सुथार धनुष-बाण और गदा के बारे में बताते हुए कहते हैं कि भगवान श्रीराम का धनुष और भगवान हनुमान की गदा बनाने का काम उनकी फर्म वास्तु आर्ट शिवगंज को मिला था। उन्होंने और उनके साथी हितेश सोनी की देखरेख में 20 कारीगरों ने लगातार 75 दिन काम किया। कारीगरों ने कहा- यह उनके लिए गर्व की बात है। हर किसी को ऐसा सौभाग्य नहीं मिलता है। हमें मिला तो लग कर इसे पूरा किया।*

***धनुष-बाण और गदा बनाने के लिए राम भक्तों ने 35 से 40 लाख दान दिया*** *श्रीराम के धनुष-बाण और हनुमान की गदा भक्तों के दान दिए पैसों से बनी है। इसकी प्लानिंग से लेकर तैयार होने तक सब का जिम्मा श्रीराम भक्तों ने अपने कंधे पर लिया। 12 जून को यात्रा निकलने से पहले भी लोगों ने चर्चा की आगे की रुपरेखा को आकार दिया। भक्तों ने ही इसके निर्माण के लिए आर्थिक सहयोग दिया है। इसमें करीब 35 से 40 लाख रुपए राशि इकट्ठा की गई। इसके आयोजक गोपालजी मंदिर के पुजारी रमेश पंडित, आयोजन के सूत्रधार रामलाल माली शिवगंज, कान्तिलाल माली अरठवाड़ा, कैलाश सिरोही शामिल रहे।* ***ये पहले अयोध्या में चार चांद लगा चुके हैं...***

*अयोध्या में पहले ही अलीगढ़ से 400 किलो यानी 4 क्विंटल का ताला पहुंचाया जा चुका है। 10 फीट लंबे और 4 फीट चौड़े इस ताले की मोटाई 9.5 इंच है। 4 फीट लंबी इसकी चाबी 30 किलो की है। इस ताले को बनाने में करीब 2.5 लाख रुपए का खर्च आया था। सारी उम्र ताला बनाकर गुजर बसर करने वाले सत्यप्रकाश की एक ही इच्छा थी कि श्रीराम मंदिर के उद्घाटन के समय वह मंदिर को ताला भेंट करें। लेकिन प्राण प्रतिष्ठा से 41 दिन पहले ही उनकी मौत हो गई थी।*

***अयोध्या में विश्व का सबसे बड़ा 400 किलो का ताला पूर्व IAS ने दान में दी 1000 पन्नों वाली सोने की रामचरितमानस*** *सोने की रामचरितमानस को मध्य प्रदेश कैडर के पूर्व IAS लक्ष्मी नारायण और उनकी पत्नी ने राम मंदिर ट्रस्ट को भेंट किया था। रामचरितमानस 1000 पेज की है। वजन-155 किलोग्राम है। इसमें 4 किलो सोने और 151 किलो तांबे का इस्तेमाल किया गया। हर पेज पर 24 कैरट सोने की परत चढ़ाई गई। साथ ही हर पेज पर 3 किलोग्राम तांबा भी लगा है। वुम्मिदी बंगारू ज्वैलर्स ने रामचरितमानस को 3 महीने में तैयार किया था। इसे बनाने में करीब 5 करोड़ रुपए खर्च आया।*

***बड़ौदा से आई थी 108 किलो और 108 फीट की अगरबत्ती*** *अयोध्या में राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के दिन 108 किलो की 108 फीट लंबी अगरबत्ती जलाकर रिकॉर्ड बनाया गया था। यह अगरबत्ती गुजरात में बनाई गई थी। इसे बनाने वाले थे गुजरात के बड़ौदा के गौ भक्त विहाभाई करशन भाई भरवाड़ गोपाल। 6 महीने तक मेहनत कर उन्होंने खुद यह अगरबत्ती बनाई थी। एक अनुमान के मुताबिक यह विश्व की सबसे बड़ी अगरबत्ती थी। इसमें बनाने में कुल 5 लाख रुपए की लागत आई थी। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए 108 किलो की अगरबत्ती अयोध्या लाई गई थी।*

*राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए 108 किलो की अगरबत्ती अयोध्या लाई गई थी। वहीं, इसे बनाने में करीब 6 महीने का समय लगा था। इसे भी धनुष-बाण और गदा की तरह गुजरात से रथ से अयोध्या लाया गया था। रास्ते में जहां-जहां यह रथ पहुंचता, लोग इस पर पुष्प वर्षा कर स्वागत करते। बड़ौदा से अयोध्या लाने में भी लाखों का खर्च हुआ था। कानाराम कोरवाल ट्रांसपोर्टर ने इसके लिए 4 लाख 10 हजार रुपए किराया लिया था। इसी तरह अगरबत्ती के पैकिंग जिस फाइबर से की गई थी, उसके लिए करीब 2 लाख 50 हजार का खर्चा आया था।*



## कोई लौटा दे मेरे वो बीते हुए दिन

**हर कोई स्वस्थ और बेहतर जीना जीना चाहता है। प्रोजेक्ट लॉन्गिविटी इसी दिशा में एक कदम है। इसके लिए स्वस्थ जीवनशैली, व्यायाम और अच्छा खान-पान भी जरूरी है। हर कई चाहता है कि उसका पिछला वक्त वापस आ जाए।**

कोई लौटा दे मेरे वो बीते हुए दिन, बीते हुए दिन मेरे प्यारे वो पलछिन... किशोर कुमार की आवाज में गाया गाना हर किसी के लिए फिट बैठता है। शांत अकेला इंसान जब अपने हसीन पलों के बारे में सोचता है तो उसे वो सब याद आता है जहां कभी उसके लिए जीवन बहुत आसान था। हर कोई चाहका है कि उसका पिछला वक्त आ जाए। जो लोग उससे बिछड़ गए, जो साथ छोड़ गए वो सब फिर साथ हो जाएं, वो पल वह फिर जी ले। 'हमेशा जवान' रहने की चाहत लोगों में पहले कभी इतनी लोकप्रिय नहीं रही कि वे हर चीज को आजमाने लगे। ओजोन थेरेपी और उपवास से लेकर कोल्ड प्लंज और कोलेजन पाउडर, अजवाइन के जूस से लेकर सुपरगम्मी तक,चाहे विज्ञान इसका समर्थन करता हो या नहीं। लेकिन क्या वाकई बुढ़ापे और मौत से बचने के लिए कोई चीट कोड हो सकता है? पता चला कि जवाब मायने नहीं रखता क्योंकि लोग कोशिश करना नहीं छोड़ेंगे।

वैज्ञानिक अपने बड़े दिमाग का इस्तेमाल कर रहे हैं, जबकि तकनीकी अरबपति लोगों द्वारा चलाई जाने वाली कारों से लेकर उनके द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले फोन तक को आकार देने के बाद उन परियोजनाओं पर मोटी रकम खर्च कर रहे हैं जो उम्र के कोड को हैक कर सकती हैं और अच्छे समय को कुछ और समय तक जारी रख सकती हैं। एक अनुमान के अनुसार, 2030 तक दीर्घायु बाजार का मूल्य $44 बिलियन होने की उम्मीद है।

**कोई कुछ न कुछ तो कर रहा है** इन अति-धनवान दीर्घायु प्रचारकों में अमेज़ॅन के जेफ़ बेजोस, अल्फाबेट के लैरी पेज, ओपनएआई के सैम ऑल्टमैन, ओरेकल के लैरी एलिसन और पेपैल के पीटर थिएल जैसे लोग शामिल हैं जो सेलुलर स्तर पर बुढ़ापे को धीमा करने में निवेश कर रहे हैं। गूगल के सह-संस्थापक सर्गेई ब्रिन और नेपस्टर के सह-संस्थापक और बाद में फेसबुक के पहले अध्यक्ष सीन पार्कर जैसे अन्य लोग कैंसर और पार्किंसंस जैसी बीमारियों के लिए क्रांतिकारी इम्यून थैरेपी विकसित करने में अपना पैसा लगा रहे हैं। फिर ब्रायन जॉनसन जैसे लोग पोषण, व्यायाम और स्वास्थ्य योजनाओं में निवेश कर रहे हैं जो सामान्य बुढ़ापे की प्रक्रिया की यथास्थिति को तोड़ सकते हैं।

**क्या है लॉन्गविटी इंडिया पहल**? लेकिन मौत को मात देने के लिए तकनीक और विज्ञान का इस्तेमाल अब सिर्फ़ सिलिकॉन वैली का जुनून नहीं रह गया है। यहां तक कि भारत में भी, जहां बूढ़ा होना एक विलासिता माना जाता है, दीर्घायु शोध में नई दिलचस्पी है। पिछले महीने, एम्स के जेरिएट्रिक मेडिसिन विभाग ने एक ही परिवार में कई पीढ़ियों में उम्र बढ़ने के तंत्र और उम्र बढ़ने के पैटर्न की पहचान करने के लिए प्रोजेक्ट लॉन्गविटी शुरू किया। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद द्वारा वित्तपोषित यह परियोजना 36 महीने तक चलेगी। बेंगलुरू में भारतीय विज्ञान संस्थान (IISc) ने उम्र बढ़ने के रहस्यों का अध्ययन करने के लिए अप्रैल में लॉन्गविटी इंडिया पहल शुरू की। यह परियोजना भारतीयों के 'स्वास्थ्य काल' - एक व्यक्ति के स्वस्थ रहने की अवधि, जीवित रहने की अवधि को बेहतर बनाने के तरीके विकसित करने के लिए आनुवंशिकी, पर्यावरण, जीवनशैली और संस्कृति जैसे कारकों का पता लगाएगी।

**अब बुढ़ापा अगली बड़ी चुनौती है** दीर्घायु या कहें कि लंबे समय तक जीने के लिए भारत पहल के संयोजक और आईआईएससी में विकासात्मक जीव विज्ञान और आनुवंशिकी के प्रोफेसर दीपक सैनी कहते हैं कि यह सही समय था जब हमने ऐसा किया। बाकी दुनिया के विपरीत, भारत में लंबे समय तक बुढ़ापा कभी भी फोकस का विषय नहीं रहा। हमारी प्राथमिक स्वास्थ्य चिंताएं खराब पोषण और स्वच्छता से संबंधित थीं। बुढ़ापा अपरिहार्य माना जाता था और आम धारणा यह थी कि 'तो क्या हुआ, हर कोई बूढ़ा होता है'।' हालांकि, बेहतर स्वच्छता, टीके, एंटीबायोटिक्स और अन्य चिकित्सा प्रगति के साथ समय बदल गया है।

# गंगा दशहरा...काशी में 5000 मीटर चुनरी चढ़ाईः 10 राज्यों से पहुंचे श्रद्धालु; प्रयागराज में 3 किमी लंबा जाम

**वाराणसी/मथुरा/प्रयागराज**

गंगा दशहरा पर आज वाराणसी, प्रयागराज और मथुरा में गंगा और यमुना नदी में स्नान करने के लिए जन सैलाब उमड़ा है। अब तक 6 लाख लोग स्नान कर चुके हैं। वाराणसी में स्नान करने के बाद श्रद्धालु काशी विश्वनाथ मंदिर में गंगाजल चढ़ा रहे हैं। काशी में मध्य प्रदेश और राजस्थान समेत 10 राज्यों से श्रद्धालु पहुंचे हैं। अस्सी घाट पर 11 नावों से मां गंगा को 5 हजार मीटर लंबी चुनरी चढ़ाई गई। 56 तरह के व्यंजनों का भोग लगाया गया। दशाश्वमेध घाट पर 33 अर्चक गंगा की आरती उतारेंगे। 22 देव कन्याएं भी गंगा आरती करेंगी। शाम को गंगा के तट पर भाजपा सांसद मनोज तिवारी भजन गाएंगे। वाराणसी निवासी दिशा ने कहा कि गंगा मां सभी के पापों को हरती हैं। आज के दिन गंगा स्नान करने का बड़ा महत्व है। मध्य प्रदेश के कटनी की रहने वाली स्वीटी बजाज ने कहा- आज मुझे काशी में गंगा दशहरा पर मां गंगा में स्नान किया। यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है। यहां पर व्यवस्था काफी अच्छी है, लेकिन लोग गंगा जी में ही कपड़े धो रहे हैं। ऐसा नहीं करना चाहिए। **वाराणसी में गंगा स्नान के दौरान मिली लाश** वाराणसी में गंगा स्नान के बीच गंगा महल घाट पानी में शव मिला है। जल पुलिस ने डेडबॉडी को बाहर निकाला। पुलिसकर्मी श्याम सुंदर ने बताया कि लाश 2-3 दिन पुरानी लग रही है, कहीं से बहकर आई है। मृतक की उम्र करीब 40 साल है। अभी तक शिनाख्त नहीं हो पाई है।







# क्या अडानी को मिलने जा रही करोड़ों की धारावी वाली जमीन? जान लीजिए सच्चाई




**करोड़ों रुपये की धारावी झुग्गी-बस्ती पुनर्विकास परियोजना में अडानी ग्रुप को भूमि का हस्तांतरण नहीं किया जाएगा। सूत्रों ने स्पष्ट किया है कि परियोजना के तहत भूमि का ट्रांसफर महाराष्ट्र सरकार के विभागों को होगा। अडानी समूह केवल एक परियोजना डेवलपर के रूप में काम करेगा और उन विभागों को सौंपने के लिए मकानों का निर्माण करेगा। बाद में इन घरों का आवंटन झुग्गी-बस्ती के निवासियों को किया जाएगा।**

नई दिल्ली

धारावी झुग्गी-बस्ती पुनर्विकास परियोजना पर सवाल उठ गए हैं। यह प्रोजेक्ट करोड़ों रुपये का है। हालांकि, परियोजना में अडानी समूह को जमीन का ट्रांसफर शामिल नहीं है। सूत्रों ने इस बारे में स्थिति साफ की है। उन्होंने बताया है कि परियोजना में भूमि का हस्तांतरण महाराष्ट्र सरकार के विभागों को किया जाना है। अहमदाबाद का समूह सिर्फ परियोजना डेवलपर के रूप में मकान बनाएगा। ये उन्हीं विभागों को सौंपे जाएंगे। बाद में इन घरों का आवंटन एशिया की सबसे बड़ी झोपड़-पट्टी के निवासियों को किया जाएगा। दरअसल, सांसद वर्षा गायकवाड़ ने इस मामले में भूमि हड़पने का आरोप लगाया है। इन आरोपों पर परियोजना से जुड़े सूत्रों ने कहा कि जमीन के टुकड़े सिर्फ राज्य सरकार के आवास विभाग के धारावी पुनर्विकास परियोजना/ स्लम पुनर्वास प्राधिकरण (डीआरपी/एसआरए) को ट्रांसफर किए जाने हैं। अडानी समूह ने खुली अंतरराष्ट्रीय बोली में धारावी स्लम पुनर्विकास परियोजना हासिल की थी। समूह अपनी संयुक्त उद्यम कंपनी धारावी रिडेवलपमेंट प्रोजेक्ट प्राइवेट लि. (डीआरपीपीएल) के जरिये आवास और वाणिज्यिक स्थान बनाएगा और उन्हें फिर से डीआरपी/एसआरए को सौंप देगा। **परियोजना पर गलतफहमी**परियोजना पर गलतफहमियों को दूर करने की कोशिश करते हुए सूत्रों ने कहा कि निविदा के अनुसार, भूमि सरकार की ओर से तय दरों पर डीआरपी/एसआरए को आवंटित की जाएगी।इस मामले में जहां डीआरपीपीएल को विकास अधिकार मिला हैं, राज्य समर्थन समझौता, निविदा दस्तावेज का हिस्सा है। यह स्पष्ट रूप से कहता है कि राज्य सरकार अपने स्वयं के डीआरपी/ एसआरए विभाग को भूमि देकर परियोजना का समर्थन करेगी।रेलवे भूमि के आवंटन के मुद्दे पर जहां धारावी के निवासियों के पहले सेट की पुनर्वास इकाइयां बनाई जानी हैं, सूत्रों ने कहा कि इसे निविदा से पहले ही डीआरपी को आवंटित किया गया था। इसके लिए डीआरपीपीएल ने प्रचलित दरों पर 170 फीसदी के भारी प्रीमियम का भुगतान किया है।

# 5 साल में 50,00,000 नौकरी... मोदी सरकार का 'इलेक्ट्रॉनिक' प्लान रेडी, क्या है टारगेट?




**बेरोजगारी कम करना मोदी सरकार के एजेंडे में शीर्ष पर है। इस दिशा में उसने पूरी ताकत झोंकनी शुरू कर दी है। इलेक्ट्रॉनिक मैन्यूफैक्चरिंग ऐसा सेक्टर है जिसमें उसे काफी संभावना दिख रही है। वह इस क्षेत्र में बड़े पैमाने पर नौकरियां पैदा करना चाहती है। अगले पांच साल में उसकी इस क्षेत्र में 50 लाख नौकरी तैयार करने की योजना है।**

**नई दिल्लीः** मोदी सरकार का पूरा फोकस बेरोजगारी कम करने पर है। इसके लिए वह जी तोड़ मेहनत करने में जुट गई है। सरकार की योजना इलेक्ट्रॉनिक मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर में नौकरियां पैदा करने की है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, अगले पांच सालों में भारत सरकार देश में इलेक्ट्रॉनिक उत्पादन दोगुना करने वाली है। इससे नौकरियों के अवसर पैदा होंगे। मंत्रालय के एक सूत्र ने बताया कि अगले 5 साल में भारत का इलेक्ट्रॉनिक उत्पादन लगभग 250 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। अभी देश का इलेक्ट्रॉनिक निर्यात 125-130 अरब डॉलर है। बेरोजगारी की समस्या से निपटने के लिए सरकार इलेक्ट्रॉनिक उत्पादन के क्षेत्र में नौकरियां पैदा करना चाहती है। अभी इस क्षेत्र में 25 लाख लोग काम करते हैं। सरकार का लक्ष्य है कि अगले पांच साल में इलेक्ट्रॉनिक उत्पादन के क्षेत्र में नौकरियों को दोगुना करके 50 लाख कर दिया जाए।

**आयात पर नर्भिरता कम करने कोशशि**

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, 'डिजिटल तकनीक को सेवाएं प्रदान करने पर हमारा फोकस है। हम बड़े पैमाने पर इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हमारे लक्ष्य वही हैं। उन्हें और तेजी से हासिल किया जाएगा।' सूत्रों का कहना है कि भारत पहले से ही आयात पर निर्भरता कम करने की कोशिश कर रहा है। वह इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनना चाहता है। मोबाइल फोन जैसे कुछ क्षेत्रों में तो भारत निर्यातक बनने की राह पर है। लैपटॉप के मामले में भारत अभी भी आत्मनिर्भर बनने की प्रक्रिया में है।

# सोना 1,00,000 रुपये तक जाएगा, लेकिन कब तक? पीली धातु में तेजी पर एक्सपर्ट्स का अनुमान




**नई दिल्लीः** सोना और चांदी हमेशा से निवेशकों के लिए सुरक्षित निवेश विकल्प माने जाते हैं। खासकर तब जब अर्थव्यवस्था में उथल-पुथल हो। ऐसा इसलिए क्योंकि इन धातुओं का अपना अलग ही महत्व है। सोने-चांदी में निवेश से महंगाई और रुपये की कीमत गिरने का डर भी कम होता है। अपने पोर्टफोलियो में सोना-चांदी रखने से डायवर्सिफिकेशन का फायदा मिलता है। यह निवेश के जोखिम को कम करता है। वजह है कि आप अलग-अलग तरह की चीजों में निवेश करते हैं। जब बाजार में अनिश्चितता होती है तो सोना और चांदी सुरक्षित निवेश माने जाते हैं। ये आसानी से बिक भी जाते हैं। हाल ही में अखिल भारतीय रत्न एवं आभूषण घरेलू परिषद (GJC) के अध्यक्ष सय्यम मेहरा और उपाध्यक्ष राजेश गोखले ने एक न्यूज चैनल के साथ बातचीत में इन कीमती धातुओं पर अपने विचार साझा किए। सोने पर अपनी राय रखते हुए मेहरा ने कहा कि दुनियाभर के 50 से अधिक देशों में चुनाव हो रहे हैं। वैश्विक तनाव के चलते बाजार नीचे जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि इन समस्याओं और अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दरों में कमी नहीं करने के फैसले के बावजूद सोने की दरों में कमी नहीं आई। मेहरा का मानना है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोने की बुनियादी बातें बहुत मजबूत हैं। उन्होंने कहा कि भारत में सोने की खरीद लगभग 800 टन है। जबकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह लगभग 4,500 टन है। **सोने में तेजी बने रहने के आसार** मेहरा ने कहा, 'मुझे लगता है कि बढ़ती कीमतों के बावजूद खरीद कम नहीं हो रही है। उपभोक्ताओं का विश्वास बढ़ रहा है। आने वाले समय में यह उम्मीद है कि सोने का भाव 2,600 डॉलर - 2,800 डॉलर या 78,000 रुपये से 80,000 रुपये तक पहुंच जाएगा। फिर अगले दो से ढाई सालों में सोने का भाव प्रति किलोग्राम 1 करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा। मुझे नहीं लगता कि सोना 2,285 या 2,250 पर सीमित रहेगा।' मेहरा का मानना है कि लंबी अवधि में तेजी की संभावना अधिक है। गिरावट की संभावना बहुत कम है। वैश्विक परिदृश्य पर बोलते मेहरा ने कहा कि दुनियाभर में डी-डॉलराइजेशन एक ऐसा फैक्टर है जो स्पष्ट है। उदाहरण के लिए अगर आप रूसी युद्ध के दौरान चीन और रूस को देखें तो यह देखा गया कि रूस अब डॉलर के बजाय सोने में निवेश कर रहा है।

# सुकन्या समृद्धि, पीपीएफ पर बड़ा अपडेट, सरकार के ताजा फैसले के बाद कितना मिलेगा ब्याज?

**वित्त मंत्रालय ने 8 मार्च, 2024 को सर्कुलर जारी किया है। इसके अनुसार, छोटी बचत स्कीमों पर ब्याज दरें 30 जून, 2024 तक जस की तस रहेंगी। इन स्कीमों में टाइम डिपॉजिट, पीपीएफ, एससीएसएस, पीओएमआईएस, एनएससी, केवीपी, महिला सम्मान बचत प्रमाणपत्र, एसएसवाई आदि शामिल हैं। इसका मतलब यह है कि इन स्कीमों पर पहले जतिना ही ब्याज मलिेगा।**

**नई दिल्लीः** सरकार ने छोटी बचत स्कीमों की ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही यानी 30 जून, 2024 तक ब्याज दरें जस की तस रहेंगी। वित्त मंत्रालय ने 8 मार्च, 2024 को एक सर्कुलर जारी करके यह जानकारी दी है। इस फैसले का मतलब यह है कि सुकन्या समृद्धि, पब्लिक प्रोविडेंट फंड (PPF), सीनियर सिटीजन सेविंग्स स्कीम (SCSS) समेत छोटी बचत स्कीमों की ब्याज दरों पर पहले जितना ब्याज मिलता रहेगा। सरकार हर तिमाही में छोटी बचत स्कीमों पर ब्याज दरें तय करती है। नए सर्कुलर के मुताबिक, 'वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही यानी 1 अप्रैल, 2024 से 30 जून, 2024 तक तमाम छोटी बचत स्कीमों पर ब्याज की दरें वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही (1 जनवरी, 2024 से 31 मार्च, 2024) के लिए अधिसूचित दरों के समान रहेंगी।'

1. **रिकरिंग डिपॉजिट** पहले बात करते हैं रिकरिंग डिपॉजिट (RD) की। छोटे निवेशकों के लिए बनाई गई इस स्कीम में आपको 6.7% सालाना ब्याज मिलेगा। खास बात यह है कि इसमें आप कम से कम 100 रुपये जमा कर सकते हैं। यानी कम पैसे में भी बचत का मौका!

2. **टाइम डिपॉजिट**इसमें आपको एक साल, दो साल, तीन साल और पांच साल के हिसाब से ब्याज मिलता है। कम से कम 1,000 रुपये जमा करने होते हैं। हां, एक और जरूरी बात - पांच साल वाले खाते पर आपको इनकम टैक्स की धारा 80C के तहत टैक्स में छूट भी मिलती है। * एक साल के लिए 6.9% ब्याज

* दो साल के लिए 7.0% ब्याज
* तीन साल के लिए 7.1% ब्याज
* पांच साल के लिए 7.5% ब्याज




3. पीपीएफ अब बात करते हैं पब्लिक प्रोविडेंट फंड (PPF) की। इसमें आप हर साल कम से कम 500 रुपये और ज्यादा से ज्यादा 1.5 लाख रुपये जमा कर सकते हैं। इस पर आपको 7.1% सालाना ब्याज मिलेगा। PPF में निवेश करने पर भी आपको इनकम टैक्स में छूट मिलती है। 4. सीनियर सिटीजन सेविंग स्कीम बुजुर्गों के लिए सीनियर सिटीजन सेविंग स्कीम (SCSS) एक बेहतरीन विकल्प है। इसमें 8.2% सालाना ब्याज मिलता है। कम से कम 1,000 रुपये और ज्यादा से ज्यादा 30 लाख रुपये जमा कर सकते हैं। हां, एक बात का ध्यान रखें - अगर ब्याज 50,000 रुपये से ज्यादा हुआ तो उस पर टैक्स देना होगा।

5. पोस्ट ऑफिस मंथली इनकम स्कीम अगर आप हर महीने एक तय रकम चाहते हैं तो पोस्ट ऑफिस मंथली इनकम स्कीम (POMIS) आपके लिए है। इसमें आपको 7.4% सालाना ब्याज मिलता है। कम से कम 1,000 रुपये से खाता खुलवा सकते हैं। अगर अकेले खाता खुलवा रहे हैं तो ज्यादा से ज्यादा 9 लाख रुपये और दोनों लोग मिलकर खुलवा रहे हैं तो 15 लाख रुपये जमा कर सकते हैं।

6. नेशनल सेविंग सर्टिफिकेट

नेशनल सेविंग सर्टिफिकेट (NSC) पांच साल के लिए होता है। इस पर आपको 7.7% सालाना ब्याज मिलता है। कम से कम 1,000 रुपये जमा करने होते हैं। इसमें कोई ऊपरी सीमा नहीं है। NSC में निवेश करने पर भी आपको इनकम टैक्स में छूट मिलती है।

7. किसान विकास पत्र

किसान विकास पत्र (KVP) में निवेश करने पर आपका पैसा लगभग 9 साल 7 महीने में दोगुना हो जाता है। इस पर आपको 7.5% सालाना ब्याज मिलता है।

# SBI ने दिया झटका! होम, पर्सनल और कार लोन किया महंगा, अब कितना देना होगा ब्याज?




**भारतीय स्टेट बैंक ने कार, घर और पर्सनल लोन के लिए MCLR दरों में 10 आधार अंकों की बढ़ोतरी की है। इसका असर अलग-अलग कर्ज अवधियों पर पड़ेगा। वहीं, बैंक ने EBLR 9.15% पर जस का तस रखा है। लोन के लिए प्रोसेसिंग शुल्क कर्ज राशि का 0.35% प्लस GST तय किया गया है। BPLR को संशोधित कर 15.15% प्रति वर्ष किया गया है।**

**नई दिल्लीः** भारतीय स्टेट बैंक (SBI) ने अपने लोन की ब्याज दरें बढ़ा दी हैं। इसका मतलब है कि अब आपको कार, होम या पर्सनल लोन लेना थोड़ा महंगा पड़ेगा। SBI ने अपने मार्जिन कॉस्ट ऑफ फंड्स-बेस्ड लेंडिंग रेट यानी MCLR में 0.10 फीसदी की बढ़ोतरी की है। MCLR वो न्यूनतम ब्याज दर होती है जिससे कम पर बैंक लोन नहीं दे सकता। अगर आप एक साल के लिए लोन लेते हैं तो आपको पहले 8.65% की दर से ब्याज देना होता था। लेकिन, अब यह दर बढ़कर 8.75% हो गई है। SBI के ऑटो लोन एक साल के MCLR और पर्सनल लोन दो साल के MCLR से जुड़े होते हैं।

**क्या हो गई हैं नई दरें?** अगर हम अलग-अलग समय के लिए MCLR की बात करें तो अब ये 8.10% से लेकर 8.95% तक होंगे। ओवरनाइट MCLR 8% से बढ़कर 8.10% हो गया है। वहीं, एक महीने और तीन महीने के लिए यह दर 8.20% से बढ़कर 8.30% हो गई है। छह महीने के लिए MCLR अब 8.45% से बढ़कर 8.55% हो गया है। एक साल के लिए यह दर 8.55% से बढ़कर 8.65% और दो साल के लिए 8.85% से बढ़कर 8.75% हो गई है। हालांकि, राहत की बात यह है कि SBI ने अपने EBLR रेट्स में कोई बदलाव नहीं किया है। EBLR का मतलब 'एक्सटर्नल बेंचमार्क लेंडिंग रेट' होता है। SBI के कुछ होम लोन EBLR से जुड़े होते हैं। SBI का EBLR अभी भी 9.15% है जो रेपो रेट (6.50%) और स्प्रेड (2.65%) को मिलाकर बनता है। SBI होम लोन की ब्याज दरें 8.50% से लेकर 9.65% तक हैं और ये आपके CIBIL स्कोर पर निर्भर करती हैं।

**SBI ने तय की प्रोसेसगि फीस** इसके अलावा SBI ने लोन के लिए अपनी प्रोसेसिंग फीस भी तय की है जो लोन की राशि का 0.35% है। साथ ही GST भी लगेगा। BPLR यानी बेंचमार्क प्राइम लेंडिंग रेट को बदलकर कर 15.15% सालाना कर दिया गया है जो 15 जून, 2024 से लागू है। SBI ने हाल में फिक्स्ड डिपॉजिट (FD) पर ब्याज दरों में भी बदलाव किया है। यह बदलाव 3 करोड़ रुपये से कम और ज्यादा की FD पर अलग-अलग है।

अगर आप लोन लेने की सोच रहे हैं तो आपको अभी ब्याज दरों में कमी के लिए थोड़ा इंतजार करना पड़ सकता है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (RBI) ने अपनी पिछली बैठक में रेपो रेट को 6.5% पर ही बनाए रखने का फैसला किया था। ऐसा माना जा रहा है कि अगस्त में होने वाली अगली बैठक में भी RBI रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं करेगा। लेकिन अक्टूबर या दिसंबर में रेपो रेट में कमी आ सकती है।

# टॉप-10 कंपनियों में से 5 का मार्केट-कैप 85,582 करोड़ बढ़ाः LIC को सबसे ज्यादा मुनाफा हुआ, इसकी वैल्यू 46 हजार करोड़ बढ़कर 6.74 लाख करोड़ हुई




मुंबई

पिछले हफ्ते के कारोबार में देश की टॉप-10 कंपनियों में से 5 का कंबाइन मार्केट कैपिटलाइजेशन 85,582 करोड़ रुपए बढ़ा है। इनमें LIC को सबसे ज्यादा मुनाफा हुआ है। इसका मार्केट कैप 46,425 करोड़ बढ़कर 6.74 लाख करोड़ हो गया। LIC के बाद HDFC बैंक को सबसे ज्यादा मुनाफा हुआ। HDFC बैंक का मार्केट कैप 18,639 करोड़ बढ़कर 12.14 लाख करोड़ हो गया। वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 10,216 करोड़ बढ़कर 19.98 लाख करोड़ हो गया। इसके अलावा SBI और भारती एयरटेल का मार्केट कैप भी बढ़ा है।

**5 कंपनियों का मार्केट कैप 84,704 करोड़ घटा**

वहीं टॉप-10 कंपनियों में से 5 का कंबाइन मार्केट कैपिटलाइजेशन 84,704 करोड़ रुपए घटा है। HUL का मार्केट कैप सबसे ज्यादा 22,885 करोड़ घटकर 5.82 लाख करोड़ रहा। वहीं TCS का मार्केट कैप 22,052 करोड़ घटकर 13.86 लाख करोड़ रहा। इनके अलावा इंफोसिस, ICICI बैंक और ITC के मार्केट कैप में भी गिरावट रही।

पिछले सप्ताह में सेंसेक्स में 0.57% की तेजी रही पिछले पूरे कारोबारी सप्ताह में सेंसेक्स में 0.57% की तेजी रही। निफ्टी में भी 0.28% की तेजी रही थी। वहीं हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार यानी 14 जून को शेयर बाजार में तेजी देखने को मिली थी।

**निफ्टी ने नया ऑल टाइम हाई बनाया था** निफ्टी ने नया ऑल टाइम हाई बनाया था। कारोबार के दौरान इसने 23,490 को स्तर छुआ था। हालांकि, इसके बाद निफ्टी थोड़ा नीचे आया और 66 अंक की बढ़त के साथ 23,465 पर बंद हुआ था।

वहीं, सेंसेक्स में 181 अंक की तेजी रही थी, ये 76,992 के स्तर पर बंद हुआ था। सुबह इसमें 200 पॉइंट की गिरावट थी। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 15 में तेजी और 15 में गिरावट देखने को मिली थी।

**मिडकैप-स्मॉलकैप भी ऑलटाइम हाई पर** BSE का मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स भी ऑलटाइम हाई पर पहुंचा था। कारोबार के दौरान मिडकैप इंडेक्स ने 46,088 का हाई बनाया था। वहीं स्मॉलकैप 51,259 के स्तर पर पहुंच गया था। ऑटो सेक्टर में सबसे ज्यादा 1.30% की तेजी रही थी।

मार्केट कैपिटलाइजेशन क्या होता है? मार्केट कैप किसी भी कंपनी के टोटल आउटस्टैंडिंग शेयरों यानी वे सभी शेयर, जो फिलहाल उसके शेयरहोल्डर्स के पास हैं, की वैल्यू है। इसका कैलकुलेशन कंपनी के जारी शेयरों की कुल संख्या को स्टॉक की प्राइस से गुणा करके किया जाता है।

मार्केट कैप का इस्तेमाल कंपनियों के शेयरों को कैटेगराइज करने के लिए किया जाता है ताकि निवेशकों को उनके रिस्क प्रोफाइल के अनुसार उन्हें चुनने में मदद मिले। जैसे लार्ज कैप, मिड कैप और स्मॉल कैप कंपनियां। **मार्केट कैप कैसे काम आता है?** किसी कंपनी के शेयर में मुनाफा मिलेगा या नहीं इसका अनुमान कई फैक्टर्स को देख कर लगाया जाता है। इनमें से एक फैक्टर मार्केट कैप भी होता है। निवेशक मार्केट कैप को देखकर पता लगा सकते हैं कि कंपनी कितनी बड़ी है। कंपनी का मार्केट कैप जितना ज्यादा होता है उसे उतनी ही अच्छी कंपनी माना जाता है। डिमांड और सप्लाई के अनुसार स्टॉक की कीमतें बढ़ती और घटती है। इसलिए मार्केट कैप उस कंपनी की पब्लिक पर्सीवड वैल्यू होती है। मार्केट कैप के फॉर्मूले से साफ है कि कंपनी की जारी शेयरों की कुल संख्या को स्टॉक की कीमत से गुणा करके इसे निकाला जाता है।

# टेलिकॉम-कंपनियों ने शुरू की कॉलर ID डिस्प्ले सर्विसः अमेरिकी कोर्ट ने TCS पर 1,622 करोड़ का जुर्माना लगाया




नई दिल्ली

कल की बड़ी खबर टेलिकॉम-कंपनियों से जुड़ी रही। अब फोन पर अनजान नंबर से कॉल आने पर कॉलर का नाम भी दिखाई देगा। टेलिकॉम कंपनियों ने मुंबई और हरियाणा सर्किल में ट्रायल शुरू कर दिया है। वहीं टाटा ग्रुप की IT कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (TCS) पर अमेरिका की एक अदालत ने 194.2 मिलियन डॉलर (करीब 1,622 करोड़) का जुर्माना लगाया है। शेयर बाजार आज रविवार की छुट्टी के चलते बंद रहेगा। देश के प्रमुख शहरों में पेट्रोल-डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

1. अब मोबाइल पर हर कॉलर का नाम दिखेगाः टेलिकॉम-कंपनियों ने कॉलर ID डिस्प्ले सर्विस शुरू की, मुंबई-हरियाणा में ट्रॉयल अब फोन पर अनजान नंबर से कॉल आने पर कॉलर का नाम भी दिखाई देगा। टेलिकॉम कंपनियों ने मुंबई और हरियाणा सर्किल में ट्रायल शुरू कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अन्य शहरों में भी ये सर्विस शुरू करने की योजना है। इसका नाम कॉलिंग नेम प्रेजेंटेशन (CNAP) है। इससे स्पैम और फ्रॉड कॉल को रोकने में मदद मिल सकती है। हाल के दिनों में इस तरह के कॉल में बढ़ोतरी देखी गई है। सरकार और टेलिकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया (TRAI) के दबाव के बाद कंपनियों ने यह टेस्टिंग शुरू की है। 2. अमेरिकी कोर्ट ने TCS पर 1,622 करोड़ का जुर्माना लगायाः ट्रेड सीक्रेट के दुरुपयोग का आरोप, अपील करने की योजना बना रही कंपनी टाटा ग्रुप की IT कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (TCS) पर अमेरिका की एक अदालत ने 194.2 मिलियन डॉलर (करीब 1,622 करोड़) का जुर्माना लगाया है। कंपनी ने शुक्रवार को एक्सचेंज फाइलिंग में बताया कि नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट ऑफ टेक्सास के यूनाइटेड स्टेट्स डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने ट्रेड सीक्रेट का दुरुपयोग करने को लेकर यह जुर्माना लगाया है। TCS ने कहा कि उसके पास फैसले के खिलाफ मजबूत तर्क हैं। वह अपने हितों की रक्षा के लिए समीक्षा या अपील करने की योजना बना रही है। कंपनी को उम्मीद है कि समीक्षा याचिका और चुनौती के बाद फैसला उसके पक्ष में आने वाला है। 3. कर्नाटक में पेट्रोल-डीजल 3 रुपए महंगे हुआः राज्य सरकार ने सेल्स टैक्स बढ़ाया, बेंगलुरु में पेट्रोल 99.84 लीटर और डीजल 85.93 लीटर कर्नाटक राज्य सरकार ने पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ा दिए है। सरकार ने पेट्रोल की कीमत में 3 रुपए प्रति लीटर वहीं, डीजल के दाम में 3.02 रुपए का इजाफा किया है। यह बढ़ोतरी 'कर्नाटक सेल्स टैक्स' (KST) में संशोधन के बाद हुई है।

राज्य सरकार की अधिसूचना के अनुसार, पेट्रोल पर KST 25.92% से बढ़ाकर 29.84% और डीजल पर 14.3% से बढ़ाकर 18.4% कर दिया गया है। इस बढ़ोतरी के बाद बेंगलुरु में पेट्रोल 99.84 रुपए लीटर और डीजल 85.93 रुपए लीटर हो गया है। 4. देश का सबसे बड़ा IPO लाने की तैयारी में हुंडई-इंडियाः SEBI के पास ड्राफ्ट-पेपर्स जमा किए, IPO के जरिए 25,000 करोड़ जुटाना चाहता है कंपनी साउथ कोरिया की कंपनी हुंडई की भारतीय यूनिट हुंडई मोटर इंडिया इंडियन मार्केट में अब तक का सबसे बड़ा इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग यानी IPO लाने की तैयारी कर रही है। कंपनी ने IPO लाने के लिए 15 जून (शनिवार) को सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (SEBI) के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (DRHP) यानी ड्राफ्ट-पेपर्स फाइल किए हैं। हुंडई मोटर इंडिया IPO के जरिए अपनी 17.5% तक की हिस्सेदारी बेचकर 2.5-3 बिलियन डॉलर यानी करीब 25,000 करोड़ रुपए जुटाना चाहती है। कंपनी इस IPO में अपने टोटल 812 मिलियन (81.2 करोड़) शेयर्स में से 142 मिलियन यानी 14.2 करोड़ शेयर्स बेच रही है।

एक नजर

## अमेरिका में अंधाधुंध फायरिंग का मामला आया सामने, सनकी ने पार्क में बच्चों पर बरसा दी गोली, हमलावर ने की आत्महत्या



**अमेरिका के मिशिगन के डेट्रॉयट शहर में गोलीबारी की घटना देखने को मिली है। शनिवार को दो बच्चों और उसकी मां समेत नौ लोग घायल हो गए। बच्चे की हालत काफी गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने हमलावर के घर का पता लगा लिया। लेकिन उसने पहले ही आत्महत्या कर ली थी।**

रोचेस्टर हिल्स

अमेरिका में मिशिगन के डेट्रॉयट शहर में शनिवार को एक पार्क में गोलीबारी की घटना में दो बच्चों और उनकी मां समेत नौ लोग घायल हो गए जिनमें से एक बच्चे की हालत काफी गंभीर बताई जाती है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। घटना को अंजाम देने के बाद संदिग्ध एक घर में छिप गया जिसके बाद कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने घर को घेर लिया। अधिकारियों ने बताया कि संदिग्ध ने आत्महत्या कर ली। ओकलैंड काउंटी के शेरिफ माइक बाउचर्ड ने संवाददाता सम्मेलन में शनिवार रात बताया कि सिर में गोली लगने से आठ वर्षीय एक बच्चे की हालत गंभीर है। उन्होंने कहा कि बच्चे की मां की हालत भी गंभीर है और बच्चे का चार वर्षीय भाई भी घायल हुआ है।

अधिकारियों ने शुरुआत में बताया था कि गोलीबारी की घटना में 10 लोग घायल हुए हैं, लेकिन बाद में क्षेत्रीय अस्पतालों से आंकड़ा जुटाने के बाद यह संख्या कम कर दी गई। बाउचार्ड ने कहा कि अन्य घायलों की हालत स्थिर है जिनमें एक दंपति और 78 वर्षीय एक बुजुर्ग व्यक्ति भी शामिल है। गोलीबारी की यह घटना शाम पांच बजे के बाद शहर के एक पार्क में हुई, जहां गर्मी से राहत पाने के लिए लोग जलस्रोत का आनंद उठा रहे थे। बाउचार्ड ने बताया कि आरोपी गाड़ी से पार्क तक आया और जलस्रोत पर पहुंचने के बाद उसने अचानक गोलियां बरसानी शुरू कर दीं।

**दो बंदूकों से चलाई गोली** उन्होंने एक प्रत्यक्षदर्शी के हवाले से बताया कि हमलावर ने दो बंदूकों का इस्तेमाल कर गोलीबारी की, लेकिन इस बात की अभी तक पुष्टि नहीं हुई है। बाउचार्ड ने कहा, 'घटना के बाद पार्क में हर तरफ अफरातफरी मच गई और लोग भागने की कोशिश करने लगे। इस दौरान गिरने से कई लोग घायल हो गए।' उन्होंने कहा, 'वारदात को अंजाम देने के बाद बंदूकधारी आराम से अपनी कार की तरफ गया और फरार हो गया।' बाउचर्ड ने बताया कि अधिकारियों ने हमलावर की कार और उस घर का पता लगा लिया जहां वह छिपा हुआ था।

**घर के अंदर भेजा गया ड्रोन** उन्होंने कहा कि पुलिस ने घर को घेर लिया और अंदर मौजूद संदिग्ध से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। बाउचर्ड ने कहा कि घर के अंदर ड्रोन भेजा गया और फिर जब अधिकारी अंदर दाखिल हुए तो संदिग्ध मृत अवस्था में मिला। घर के अंदर से एक और हथियार बरामद हुआ। बाउचार्ड ने इस घटना को क्षेत्र के लिए 'एक बड़ा झटका' बताया। शेरिफ ने कहा, 'हम इस तरह की कई घटनाओं का सामना कर चुके हैं।' मिशिगन की गवर्नर ग्रेचेन व्हिटमर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि गोलीबारी की घटना के बारे में जानकर दुख हुआ और वह स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में हैं।

## सऊदी में गर्मी का भीषण कहर, अब तक छह हज यात्रियों की मौत

सऊदी अरब में इस समय मौसम का कहर देखा जा रहा है। हज के दौरान सऊदी में अब तक गर्मी से 6 लोगों की मौत हो गई है। मरने वाले सभी छह लोग जॉर्डन के रहने वाले हैं। गर्मी के कारण सऊदी अधिकारियों ने अलर्ट जारी किया है। सऊदी अधिकारियों ने तीर्थ यात्रियों से छाता लेकर चलने को कहा। सऊदी में गर्मी का कहर देखा जा रहा है।

## पाकिस्तान की चीन को समझाने की एक और कोशिश, राजदूत से मिलने पहुंचे शहबाज शरीफ के मंत्री, दिया बड़ा भरोसा

**पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ भी हाल ही में चीन के दौरे पर गए थे। इस दौरान चीन की ओर से उनके सामने अपने नीगरिकों की सुरक्षा का मुद्दा बहुत जोरदार तरीके से उठाया गया था। शरीफ ने चीन को सुरक्षा के मुद्दे पर भरोसा दिलाने की कोशिश की थी।**




**इस्लामाबादः** पाकिस्तान ने एक बार फिर से चीन को भरोसा दिया है कि उसके नागरिकों की सुरक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे। पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने पाकिस्तान में चीन के राजदूत जियांग जैडोंग से मुलाकात की है। इस दौरान दोनों ने पाकिस्तान में चीनी नागरिकों की सुरक्षा पर चर्चा की। नकवी रविवार को खुद चीनी दूतावास पहुंचे और जियांग से बातचीत की। मंत्री नकवी ने उनसे पाकिस्तान में चीनी नागरिकों की सुरक्षा के लिए तैयार किए गए उपायों की रूपरेखा के बारे में चर्चा की। साथ ही सीपीईसी और दूसरी परियोजनाओं पर काम करने वाले चीनी इंजीनियरों और कर्मचारियों के लिए सुरक्षा योजना पर भी बात की।

ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक, मोहसिन ने कहा कि संपूर्ण और प्रभावी एसओपी के जरिए चीनी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने ये खुलासा भी किया कि इस्लामाबाद विदेशी नागरिकों की सुरक्षा के लिए एक विशेष समर्पित बल एसपीयू की स्थापना भी कर रहा है। चीनी राजदूत ने पाक सरकार की ओर से सुरक्षा व्यवस्था पर उठाए कदमों पर संतोष व्यक्त किया और पाकिस्तान को चीन का सदाबहार दोस्त बताया। चीनी राजदूत ने कहा कि पाकिस्तान और चीन एक-दूसरे से अपने संबंधों को बहुत महत्व देते हैं।

**चीनियों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकताः नकवी** मोहसिन नकवी ने कहा कि पाकिस्तान के विकास के लिए काम कर रहे हमारे चीनी भाइयों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। पाकिस्तान और चीन के बीच दोस्ती चट्टानों जैसी ऊंची है और अटूट है। कई शक्तियां चीन और पाकिस्तान में दरार डालने की कोशिशें कर रही हैं लेकिन दोनों मुल्कों की दोस्ती को तोड़ने के लिए की गई कोई भी साजिश विफल हो जाएगी। नकवी ने कहा कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की हालिया चीन यात्रा ने दोनों मुल्कों के से संबंधों को मजबूत किया है। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा के कोहिस्तान जिले में इस साल मार्च में दासू हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट साइट पर जा रहे चीनी नागरिकों के काफिले पर आतंकी हमला हुआ था चीनी कर्मचारियों पर आतंकी हमले के बाद से चीन इस मुद्दे पर काफी सख्त है। चीन ने हाल के दिनों में लगातार इस मुद्दे पर पाकिस्तान को घेरा है। पाकिस्तान की ओर से बार बार भरोसा दिए जाने के बावजूद चीनी अधिकारी संतुष्ट नहीं हैं। चीन चाहता है कि आतंकवादियों के खिलाफ जर्ब-ए-अजब की तर्ज पर ऑपरेशन चलाया जाए।

## पांच लाख में बेच दी बेटी... पाकिस्तान में 72 साल के बुजुर्ग से हो रही थी 12 साल की लड़की की शादी



**पाकिस्तान में नाबालिग लड़कियों की जबरन शादी के मामले लगातार सामने आए हैं। इसी साल मई को पुलिस ने स्वात में 13 साल की लड़की को रेस्क्यू किया था, जिसकी शादी 70 साल के व्यक्ति से की जा रही थी। लड़की के पिता ने पैसे के लालच में ये किया था।**

इस्लामाबाद

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा (केपी) प्रान्त में नाबालिग लड़की की शादी 72 साल के बुजुर्ग से किए जाने का मामला सामने आया है। हालांकि पुलिस ने समय रहते पहुंचकर शादी रुकवा दी और लड़की को रेस्क्यू किया। पुलिस ने लड़की के पिता पर मुकदमा किया है, जिसने पांच लाख पाकिस्तानी रुपए लेकर लड़की की शादी 60 साल बड़े शख्स से तय की थी। ये मामला खैबर पख्तूनख्वा के चारसद्दा इलाके का है, यहां 12 साल की लड़की की शादी 72 साल के व्यक्ति से की जा रही थी। पुलिस ने इस कोशिश को नाकाम करते हुए दूल्हा बने शख्स को गिरफ्तार कर लिया।

पाकिस्तान की न्यूज वेबसाइट एआरवाई न्यूज के मुताबिक, केपी पुलिस ने बताया है कि उन्होंने चारसद्दा में एक 12 वर्षीय लड़की की शादी 72 साल के व्यक्ति से करने के प्रयास को विफल कर दिया। बुजुर्ग दूल्हे और निकाह कराने वाले को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक, लड़की के पिता आलम सैयद ने पांच लाख रुपए लेकर बेटी का निकाह बुजुर्ग व्यक्ति से करना तय किया था। पुलिस को इसकी जानकारी हुई तो एक टीम मौके पर भेजी गई। पुलिस टीम ने निकाह से ठीक पहले पहुंचकर शादी को रोका और 72 वर्षीय दूल्हे हबीब खान और निकाह कराने आए काजी को गिरफ्तार कर लिया। **पाकिस्तान में सामने आते रहे हैं ऐसे मामले** पुलिस ने बताया है कि लड़की का निकाह तय करने वाला उसका पिता मौके से भागने में सफल रहा। पुलिस ने उसको भी बाल विवाह अधिनियम के तहत दर्ज मुकदमे में नामजद किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान बाल विवाह को रोकने के लिए कानून होने और इस मामले में लगातार गिरफ्तारियों के बावजूद ऐसी कई मामले सामने आए हैं। स्वतंत्र संगठनों की कई रिपोर्ट ये दावा करती हैं कि पाकिस्तान में बाल विवाह की दर काफी ज्यादा है, इनमें से कम मामले ही पुलिस के सामने आ पाते हैं।

**नवादा में नाबालिग के यौन शोषण का आरोपी गिरफ्तार, गर्भवती होने पर खुला राज** पाक पुलिस ने कुछ दिन पहले ही राजनपुर और थट्टा में ऐसी दो शादियां रुकवाई थीं, जहां कम उम्र की लड़कियों को काफी ज्यादा उम्र के पुरुषों से शादी करने के लिए मजबूर किया जा रहा था। पंजाब के राजनपुर में 11 साल की लड़की की शादी 40 साल के आदमी से की जा रही थी। थट्टा में भी नाबालिग लड़की लड़की की 50 वर्षीय जमींदार से जबरन शादी तयकी गई थी। पुलिस के समय से मौके पर पहुंच जाने से दोनों लड़कियों को बचा लिया गया।

## पाकिस्तान के वो मुसलमान, जो बकरीद पर कुर्बानी भी नहीं कर सकते... कट्टरपंथियों ने वीडियो जारी कर दी धमकी




**पाकिस्तान में अहमदिया मुसलमानों के उत्पीड़न का लंबा इतिहास है। अहमदियों की संपत्ति और इबादत स्थलों पर हमले होते रहे हैं। हाल ही में पंजाब में अहमदिया मुसलमानों की 17 कब्रों को तोड़ दिया गया था। ईशनिंदा के आरोप लगना गिरफ्तारी और सजाएं भी अहमदियों के लिए आम बात है।**

इस्लामाबाद

ईद उल अजहा यानी बकरीद का त्योहार पाकिस्तान और दूसरे एशियाई देशों में सोमवार को मनाया जाएगा। इस दिन हजारों साल पुरानी परंपरा के तहत मुस्लिम जानवरों की कुर्बानी करते हैं। ईद उल अजहा पर मुसलमान कुर्बानी को काफी अहमियत देते हैं लेकिन पाकिस्तान में अहमदिया मुस्लिमों को इससे दूर रहने की धमकी दी जा रही है। पाकिस्तान के पूर्व एक पुलिस अफसर और मौजूदा समय में कट्टरपंथी संगठन तहरीके तालिबान पाकिस्तान (टीएलपी) के सदस्य का वीडियो सामने आया है, जिसमें वह साफ कह रहा है कि अगर कोई अहमदी ईद पर धार्मिक अनुष्ठान करेगा तो उसकी खैर नहीं है। इस वीडियो में टीएलपी से जुड़ा ये कट्टरपंथी कह रहा है कि अहमदियों को मुसलमान नहीं कहा जा सकता है, ऐसे में उनको कुर्बानी का हक नहीं है। अगर अहमदियों ने ईद की रस्में निभाईं और कुर्बानी की तो इसकी जानकारी मुझे दें। उसने लोगों को अपना नंबर देते हुए कहा है कि अगर अहमदियों के कुर्बानी का पता चले तो मुझे इसकी जानकारी दे दें। ऐसा करते हुए आप एक हराम काम को रोकेंगे।

**अहमदियों को मुसलमान नहीं मानता पाकिस्तान**

पाकिस्तान के संविधान में अहमदिया मुसलमानों को मुस्लिम माना ही नहीं गया है। हालांकि ये समुदाय खुद को मुस्लिम मानता हैं। पाकिस्तान के कानून में इनको गैर-मुस्लिम धार्मिक समुदाय का दर्जा दिया गया है। पाकिस्तान ने संविधान संशोधन के जरिए इन्हें गैर-मुस्लिम घोषित किया था और मस्जिदों में जाने पर पाबंदी लगाई थी। पाकिस्तान में अहमदिया समुदाय के लोगों की संख्या करीब पांच लाख मानी जाती है और ये अक्सर ही कट्टरपंथियों के निशाने पर रहते हैं। इस समुदाय के लोगों पर अक्सर ही ईश निंदा के आरोप लगाकर इनको प्रताड़ित किया जाता है। अब ईद मनाने से भी इनको रोका जा रहा है।

मुस्लिमों के अहमदिया फिरके की शुरुआत 1880 के दशक में मानी जाती है। पंजाब के लुधियाना के गांव कादियान में अहमदी आंदोलन के साथ शुरुआत हुई थी। इसके संस्थापक मिर्जा गुलाम अहमद ने खुद को पैगंबर मोहम्मद का अनुयायी और अल्लाह की ओर से चुना गया मसीहा घोषित किया था। वहीं मुस्लिमों के बीच ये मान्यता है कि पैगंबर मोहम्मद के बाद कोई नबी नहीं होगा। इसी के चलते इस्लाम के दूसरे फिरकों और अहमदियों में टकराव देखा जाता रहा है।

## दूसरे विश्वयुद्ध में क्रैश हुआ फिनलैंड का विमान 80 साल बाद खोजा गया, गहरे समुद्र में 'सही सलामत' मिला

**दूसरे विश्वयुद्ध से जुड़े एक रहस्य का खुलासा हो गया है। फिनलैंड के एक विमान को बाल्टिक सागर के ऊपर सोवियत सेना के बमवर्षकों ने तबाह कर दिया था। इसके मलबे की लोकेशन के बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं थी। लेकिन अब कुछ गोताखोरों ने इसे खोज निकाला है।**




हेल्सिंकी

दूसरे विश्वयुद्ध से जुड़े एक रहस्य का खुलासा अब हो गया है। दूसरे विश्वयुद्ध में फिनलैंड का एक विमान बाल्टिक सागर के ऊपर सोवियत बमवर्षकों की ओर से मार गिराया गया था। इससे जुड़ा रहस्य 80 वर्षों के बाद सुलझता हुआ दिख रहा है। जून 1940 में विमान अमेरिकी और फ्रांसीसी राजनयिक कूरियर ले जा रहा था। तब सोवियत संघ की ओर से बाल्टिक देशों पर कब्जा करने से कुछ ही दिन पहले इसे मार गिराया गया था। विमान में सवार सभी नौ लोग मारे गए, जिनमें फिनिश चालक दल के दो सदस्य और सात यात्री शामिल थे। एक अमेरिकी राजनयिक, दो फ्रेंच, दो जर्मन, एक स्वीडिश और एक एस्टोनियाई फिनिश नागरिक इसमें मारे गए। एस्टोनिया में एक गोताखोरी और बचाव दल ने इस सप्ताह कहा कि उन्हें फिनिश एयरलाइन एयरो, जो अब फिनएयर कहलाता है कि ओर से संचालित जंकर्स जू 52 विमान के अच्छी तरह से संरक्षित हिस्से और मलबा मिला है। यह एस्टोनिया की राजधानी तेलिन के पास एक छोटे द्वीप के करीब 70 मीटर की गहराई में पाया गया है **विमान पर कब हुआ था हमला** एस्टोनियाई गोताखोरी और अंडरवाटर सर्वे कंपनी टुक्रिटूड ओयू के प्रवक्ता कैडो पेरेमीज ने विमान के अवशेषों को खोजने में समूह की सफलता के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि हमने शून्य से शुरुआत की और खोज के लिए बिल्कुल अलग दृष्टिकोण अपनाया। एस्टोनिया से फिनलैंड के रास्ते में कालेवा नाम के नागरिक विमान को मार गिराने की घटना 14 जून 1940 को हुई। इससे तीन महीने पहले फिनलैंड और मॉस्को के बीच एक शांति समझौते पर हस्ताक्षर हुए थे।

## राफेल बनाने वाली कंपनी को मिले बंपर ऑर्डर, डिमांड पूरी करना हुआ मुश्किल, ले लिया बड़ा फैसला




**फ्रांस की फाइटर जेट बनाने वाली कंपनी दसॉल्ट एविएशन ने राफेल लड़ाकू जेट का प्रोडक्शन बढ़ाने का फैसला किया है। कंपनी का प्लान है कि प्रोडक्शन को 3 यूनिट प्रति माह किया जाए। लगातार राफेल की डिमांड बढ़ती जा रही है। फ्रांसीसी वायु सेना ने ही 42 जेट का ऑर्डर दिया है।**

पेरिस

फ्रांस की एयरोस्पेस कंपनी दसॉल्ट एविएशन के पास लगातार राफेल लड़ाकू विमानों का ऑर्डर बढ़ता जा रहा है। इस कारण वह अपना प्रोडक्शन बढ़ाने में लगी है। ग्राहकों की लगातार बढ़ती मांग के कारण वह हर महीने लड़ाकू विमानों का उत्पादन दो से तीन यूनिट प्रति माह बढ़ाने का प्लान कर रही है। फ्रांसीसी अखबार ले ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक दसॉल्ट एविएशन के सीईओ एरिक ट्रैपियर ने कहा कि कंपनी बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए मासिक रूप से चार राफेल लड़ाकू जेट का उत्पादन करने की क्षमता रखती है।

ट्रैपियर ने कहा हम 2020 में एक यूनिट से भी कम थे जो कि महत्वपूर्ण है। अब तीन इकाई की ओर बढ़ रहे हैं। वर्तमान में हम दो इकाई में हैं। दसॉल्ट एविएशन अपना प्रोडक्शन तीन यूनिट प्रति माह तक ले जाना चाहता है। इस साल अकेले ही 18 राफेल जेट का ऑर्डर मिला है। इससे पहले 2023 में 60 ऑर्डर और 2022 में 92 ऑर्डर शामिल हैं। विदेशों से आने वाले ऑर्डर के अलावा दसॉल्ट एविएशन को फ्रांसीसी वायु सेना से भी ऑर्डर मिले हैं, जो राफेल लड़ाकू जेट खरीद रहा है।

**फ्रांस ने खरीदे 42 राफेल** जनवरी की शुरुआत में फ्रांस ने पुष्टि की कि वह 42 राफेल जेट खरीदने के लिए 5.5 अरब अमेरिकी डॉलर खर्च करेगा। फ्रांसीसी वायु सेना के लिए अतिरिक्त राफेल जेट 'फ्यूचर कॉम्बैट एयर सिस्टम' (FCAS) कार्यक्रम की प्रगति के बारे में फ्रांसीसी सांसदों की ओर से व्यक्त की गई चिंताओं के बीच आया है। एक फ्रांसीसी-जर्मन संघ छठी पीढ़ी के लड़ाकू जेट बना रहा है, जिसका उद्देश्य राफेल की जगह लेना है। फ्रांसीसी सीनेट की रक्षा समिति के मुताबिक छठी पीढ़ी के लड़ाकू विमान FCAS के 2045 या 2050 के बाद अपनी पहली उड़ान भरने की उम्मीद है। **कब से फ्रांस कर रहा इस्तेमाल**? FCAC जब तक चालू नहीं हो जाता, फ्रांस राफेल लड़ाकू जेट पर ही निर्भर रहेगा। फ्रांसीसी वायुसेना की ओर से ऑर्डर किए गए सभी 42 नए राफेल जेट एफ-4 संस्करण के होंगे। लेकिन 2030 के दशक में कुछ छठी पीढ़ी की क्षमताओं के साथ एफ5 या सुपर राफेल संस्करण में अपग्रेड करने की योजना है। राफेल जेट 2004-06 से फ्रांसीसी वायुसेना और नौसेना बलों के साथ सेवा में हैं। इन्हें अफगानिस्तान, लीबिया, माली, इराक और सीरिया में भी तैनात किया गया है।

## दूसरे विश्वयुद्ध में क्रैश हुआ फिनलैंड का विमान 80 साल बाद खोजा गया, गहरे समुद्र में 'सही सलामत' मिला




*दूसरे विश्वयुद्ध से जुड़े एक रहस्य का खुलासा हो गया है। फिनलैंड के एक विमान को बाल्टिक सागर के ऊपर सोवियत सेना के बमवर्षकों ने तबाह कर दिया था। इसके मलबे की लोकेशन के बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं थी। लेकिन अब कुछ गोताखोरों ने इसे खोज निकाला है।*

हेल्सिंकीः

*दूसरे विश्वयुद्ध से जुड़े एक रहस्य का खुलासा अब हो गया है। दूसरे विश्वयुद्ध में फिनलैंड का एक विमान बाल्टिक सागर के ऊपर सोवियत बमवर्षकों की ओर से मार गिराया गया था। इससे जुड़ा रहस्य 80 वर्षों के बाद सुलझता हुआ दिख रहा है। जून 1940 में विमान अमेरिकी और फ्रांसीसी राजनयिक कूरियर ले जा रहा था। तब सोवियत संघ की ओर से बाल्टिक देशों पर कब्जा करने से कुछ ही दिन पहले इसे मार गिराया गया था। विमान में सवार सभी नौ लोग मारे गए, जिनमें फिनिश चालक दल के दो सदस्य और सात यात्री शामिल थे।*

*एक अमेरिकी राजनयिक, दो फ्रेंच, दो जर्मन, एक स्वीडिश और एक एस्टोनियाई फिनिश नागरिक इसमें मारे गए। एस्टोनिया में एक गोताखोरी और बचाव दल ने इस सप्ताह कहा कि उन्हें फिनिश एयरलाइन एयरो, जो अब फिनएयर कहलाता है कि ओर से संचालित जंकर्स जू 52 विमान के अच्छी तरह से संरक्षित हिस्से और मलबा मिला है। यह एस्टोनिया की राजधानी तेलिन के पास एक छोटे द्वीप के करीब 70 मीटर की गहराई में पाया गया है।*

***विमान पर कब हुआ था हमला*** *एस्टोनियाई गोताखोरी और अंडरवाटर सर्वे कंपनी टुक्रिटूड ओयू के प्रवक्ता कैडो पेरेमीज ने विमान के अवशेषों को खोजने में समूह की सफलता के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि हमने शून्य से शुरुआत की और खोज के लिए बिल्कुल अलग दृष्टिकोण अपनाया। एस्टोनिया से फिनलैंड के रास्ते में कालेवा नाम के नागरिक विमान को मार गिराने की घटना 14 जून 1940 को हुई। इससे तीन महीने पहले फिनलैंड और मॉस्को के बीच एक शांति समझौते पर हस्ताक्षर हुए थे।*

***फिनलैंड ने साधी चुप्पी***

*विमान पर हमले की खबर से फिनलैंड के अधिकारियों में अविश्वास और गुस्सा देखने को मिला। उन्हें बताया गया कि विमान को उलेमिस्टे हवाई अड्डे से उड़ान भरने के 10 मिनट बाद दो सोवियत डीबी-3 बमवर्षकों ने मार गिराया था। 1980 के दशक से कालेवा के मामले की जांच करने वाले फिनिश विमानन इतिहासकार कार्ल-फ्रेड्रिक गेस्ट ने कहा कि यह हैरानी बाली बात थी कि एक सामान्य निर्धारित उड़ान को शांतिकाल के दौरान मार गिराया गया। फिनलैंड ने आधिकारित तौर पर विमान पर हमले की डिडेल को लेकर वर्षों तक चुप्पी साधे रखी। क्योंकि वह सोवियत को नाराज नहीं करना चाहता था।*



# पापा की उम्र हो गई है 50 से ऊपर, तो उन्हें तोहफे में जरूर दें ये चीजें

**पापा को फादर्स डे पर गिफ्ट देना एक तरीका होता है उनके लिए अपने प्यार को जाहिर करने का, जिससे आप उन्हें बता सकें कि आप उनसे कितना प्यार करते हैं और उनकी कितनी कद्र करते हैं। लेकिन उनके लिए सही गिफ्ट चुनना मुश्किल होता है, इस लिए हम आपको कुछ ऐसे गिफ्ट आइडिया बताने वाले हैं, जो अपके पापा को बहुत पसंद आएंगे।**

वैसे तो पिताओं को हर दिन अपना समय देना चाहिए, लेकिन एक दिन ऐसा होता है जिस दिन सभी बच्चे अपना पापा के लिए कुछ न कुछ जरूर लेते हैं, जैसे फादर्स डे। आप भी सोच रहे होंगे कि इस बार पापा को क्या गिफ्ट दें। ये सोचना हर साल एक मुश्किल काम होता है, लेकिन हल इसे आपके लिए आसान करने वाले हैं। हम चाहते हैं कि आप अपने पापा को कुछ ऐसा दें जो उनकी बढ़ती उम्र में साथ दे और स्किन की केयर करें। इसलिए आज हम आपको इस लेख में कुछ ऐसे गिफ्ट्स के बारे में बताने वाले हैं, जिन्हें आफ इस फादर्स डे तोहफे में दे सकते हैं। **शेविंग मशीन** अगर आपके पापा का भी शेविंग करते समय रेजर से कट लग जाता है, तो इस बार उनकी इस परेशानी को दूर कर आप उन्हें इलेक्ट्रिक शेवर दे सकते हैं। जो ऑफिस जाते टाइम उनके समय को भी बचाएगा और उन्हें शेव करने में आसानी भी देगा। साथ ही आप चाहें तो उन्हें शेविंग किट और शेविंग भी दे सकते हैं। **स्किन केयर किट** हम सभी के पापा की आदत होती है, वो अपनी स्किन का बिल्कुल भी ध्यान नहीं रखते हैं। ऐसे में आप उन्हें एक स्किन केयर किट गिफ्ट में दे सकते हैं, जिसमें फेस क्लींजर, स्क्रब और मॉइस्चराइज़र शामिल हो। आपके पिता को ये जानकर बहुत खुशी होगी कि आप उनकी इतनी फिक्र करते हैं। **हेड या फेस मसाजर** दिनभर के काम से थकने के बाद अगर थोड़ी मसाज हो जाए तो किसे अच्छा नहीं लगता है। इसलिए अपने पापा की थकान मिटाने के लिए इस फादर्स डे उन्हें हेट या फिर फेस मसाजर गिफ्ट करें। जो उनके तनाव और दर्द को कम करने में मदद करेगा साथ ही फेस मसाजर भी उनके चेहरे की समल को रिलैक्स करने में मदद करेगा। **रिंकल क्रीम** उम्र बढ़ने के साथ-साथ चेहरे पर झुर्रियां आना लाजमी है, लेकिन पापा लोग अपनी स्किन का थोड़ा भी ध्यान नहीं रखते हैं।

# ऐसा क्या कर रही हैं मलाइका जैसी बॉलीवुड एक्ट्रेस



कई बॉलीवुड एक्ट्रेसेज अपनी बढ़ती उम्र के साथ और भी ज्यादा खूबसूरत और यंग दिखने लगी हैं, फिर चाहे वो करीना कपूर हों, मलाइका अरोड़ा, दिपीका पादुकोण, या प्रियंका चोपड़ा जोनस। इन अदाकारओं की स्किन पर न के बराबर फाइन लाइन्स देखने को मिलती हैं। इस तरह की स्किन को पाना और मेनटेन करना बिल्कुल भी आसान नहीं है। लेकिन कुछ तरीकों को अगर रेग्युलर तौर पर अपनाया जाए, तो यकीनन एक्ट्रेसेस की तरह ग्लोइंग, यंग और फ्लॉलेस स्किन पाई जा सकती है। आपके काम को आसान बनाने के लिए हम उन चीजों की लिस्ट लेकर आए हैं, जो आपको वही रिजल्ट देने में मदद करेंगे, जिसकी चाहत आपको न जाने कबसे है। आइए, जानते हैं एक्ट्रेसेस के चुनिंदा ब्यूटी सीक्रेट्स के बारे में। **आइस वॉटर में फेस डिप** यह आइस वॉटर थेरेपी आपकी स्किन को फ्रेश, यंग और टाइट लुक देगी। सलमान खान से लेकर दिशा पाटनी, तमन्ना भाटिया और आलिया भट्ट जैसे कई सेलेब्स मॉर्निंग में उठकर अपने फेस को आईस और पानी वाले बाउल में डिप करते हैं। इस थेरेपी को थर्मोजेनेसिस के नाम से भी जाना जाता है। **हाइड्रेटिंग मास्क** हाइड्रेटिंग मास्क भी सेलेब्स का फेवरेट है। यह ग्लोइंग स्किन के लिए बहुत इंपॉर्टेंट रोल प्ले करता है। कपिल शर्मा के शो के दौरान आलिया भट्ट ने बताया था कि वह रोज रात में मेकअप रिमूव करने के बाद अपने स्किन पर हाइड्रेटिंग मास्क लगाती हैं। आजकल मार्केट में कई ब्रांड में रेड टू अप्लाई हाइड्रेटिंग मास्क मिल रहे हैं, आप यूज कर सकते हैं।





# मस्सा न कर देना इग्नोर, प्रियंका चोपड़ा के जेठ की तरह हो सकती है खतरनाक बीमारी , दिखने पर फौरन कराएं इलाज

हाल ही में प्रियंका चोपड़ा के जेठ और निक जोनस के बड़े भाई केविन जोनस ने सोशल मीडिया पर बताया कि उन्हें बेसल सेल कार्सिनोमा हुआ है। यह स्किन कैंसर का एक टाइप है, जो त्वचा पर मस्से, फोड़े, फुंसी के रूप में दिखाई देता है। इसलिए ये समस्या होने पर इसे इग्नोर नहीं करना चाहिए।

मस्सा न कर देना इग्नोर, प्रियंका चोपड़ा के जेठ की तरह हो सकती है खतरनाक बीमारी , दिखने पर फौरन कराएं इलाज लोग अपनी सेहत को लेकर जितने सतर्क हैं, स्किन के प्रति उतने ही लापरवाह भी। त्वचा हमारे शरीर का सबसे बड़ा और जरूरी अंग है। लेकिन इसमें होने वाली समस्याओं को हम इग्नोर कर देते हैं। बात अगर मोल्स की करें, जिन्हें मस्सा भी कहते हैं, त्वचा पर इनका होना आम है, लेकिन ये आपको कैंसर दे सकते हैं।

हाल ही में पॉप रॉक बैंड जोनास ब्रदर्स के गिटारिस्ट और अमेरिकन एक्टर केविन जोनस ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो के जरिए बेसल सेल कार्सिनोमा के बारे में बताया है। उनके माथे पर छोटा सा मस्सा था, जो बड़ा होकर कैंसर में विकसित हो गया है, जिसकी सर्जरी हो चुकी है। केविन ने अब लोगों को समय पर मस्सा का इलाज कराने की सलाह दी है। **क्या होता है बेसल सेल कार्सिनोमा** आमतौर पर लोग स्किन कैंसर के बारे में जानते हैं, लेकिन बेसल सेल कार्सिनोमा का नाम शायद ही किसी ने सुना हो। बेसल सेल कार्सिनोमा स्किन कैंसर का ही एक प्रकार है। यह अक्सर त्वचा के उन हिस्सों पर होता है, जो सूर्य की किरणों के संपर्क में ज्यादा आता है। अगर आपकी स्किन भूरी और काली है, तो यह आपको चेहरे पर एक उभार की तरह दिख सकता है।

**बेसल सेल्स क्या करती हैं** बेसल सेल्स की बाहरी त्वचा को एपिडर्मिस कहा जाता है। हमारी स्किन लेयर पर बारीक सेल्स होते हैं। जिसे आप देख या छू सकते हैं। ये सेल्स खुद को कॉपी करके एक नया सेल बना लेते हैं। जब बेसल सेल नए सेल बनाते हैं , तो पुराने स्किन सेल्स बाहरी त्वचा पर आ जाते हैं। यहां आकर ये सेल डेड हो जाते हैं और इससे कैंसर विकसित होता है।

**स्किन कैंसर के लक्षण और बचाव** बेसल सेल कार्सिनोमा के लक्षण यह स्किन कैंसर त्वचा पर चमकदार फुंसी की तरह दिखता है। त्वचा पर भूरा, काला या नीला घाव होना त्वचा पर फोड़े, फुंसियां और पपड़ीदार पैच जैसा दिखना मोम जैसा निशान बनना गांठ दिखाई देना गांठ में दर्द और खुजली होना

गांठ में अल्सर भी बन सकता है महिलाओं से ज्यादा पुरुषों को खतरा महिलाओं से ज्यादा पुरुषों को खतरा बेसल सेल कार्सिनोमा वैसे तो किसी भी उम्र के लेगों को हो सकता है। लेकिन इंडियन जर्नल ऑफ डर्मेटोलॉजी में पब्लिश एक स्टडी के अनुसार, पुरुषों में यह बीमारी ज्यादा देखी जाती है। 50 वर्ष से ज्यादा उम्र के पुरुषों को अक्सर ही ये बीमारी होती है। जिन लोगों की त्वचा गोरी और आंखें लाइट कलर की होती है, उन्हें बीसीसी का खतरा ज्यादा रहता है। खासतौर से जिन लोगों को पहले बीसीसी हो चुका है, उन्हें आगे चलकर नॉन मेलेनोमा स्किन कैंसर की संभावना रहती है। **चेहरे पर इन जगहों पर हो सकता है यह कैंसर** चेहरे पर इन जगहों पर हो सकता है यह कैंसर

चूंकि यह बीमारी सूर्य के संपर्क में आने से होती है, इसलिए बेसल सेल कार्सिनोमा से चेहरा , स्कैल्प, नाक, पैर, आईलिड्स , कान और कोहनी प्रभावित हो सकती है।

**हड्डियों पर कर सकता है अटैक** यदि इसका जल्द से जल्द इलाज न कराया जाए, तो इस कैंसर का साइज धीरे-धीरे बढ़ने लगता है। यह चुपके से आपकी बोन, मसल और कार्टिलेज पर अटैक करता है, जिससे दर्द के साथ ब्लीडिंग और इंफेक्शन का खतरा भी बढ़ने लगता है।

**बेसल सेल कार्सिनोमा से बचने के उपाय**

सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे के बीच घर से बाहर न निकलें। बाहर जाने पर 30 या इससे ज्यादा एसपीएफ वाले सनस्क्रीन का यूज करें। हर दो घंटे में दोबारा स्क्रीन अप्लाई करें। सनग्लासेस का उपयोग करें। हर साल स्किन टेस्ट जरूर कराएं।

# दिमाग को कंप्यूटर जैसा बनाने के लिए खाने पर दें ध्यान, ये तेल





ब्रेन पूरे शरीर को कंट्रोल करता है। इसलिए इसकी हेल्थ दुरुस्त रखना ज़रूरी है। हेल्दी ब्रेन के लिए नींद के साथ-साथ और किन बातों का ध्यान रखना चाहिए? वे कौन-कौन से तरीके हैं जिनसे हमारे दिमाग की सेहत अच्छी रहेगी? ऐसे तमाम मुद्दों पर AIIMS, नई दिल्ली में न्यूरॉलजी की हेड और प्रफेसर डॉ. मंजरी त्रिपाठी और AIIMS के न्यूरो सर्जरी यूनिट-1 के हेड और प्रफेसर डॉ. पी. शरत चंद्रा से बात हुई।

सुनना, देखना, देखकर समझना, चलना, फिरना, सोचना, ऐसे तमाम काम हमारा दिमाग करता है। कब क्या बोलना है, कितना बोलना है, क्या नहीं बोलना, इन सभी बातों का फैसला भी दिमाग ही करता है। कई बार हम छोटी-छोटी बातों पर भी बड़ा रीऐक्शन देने लगते हैं। सड़क पर ज़रा-सी बात पर हम गाली-गलौज पर उतारू हो जाते हैं। इसी तरह घर में भी कई बातों पर ओवर रीऐक्ट करने लगते हैं। इससे हर कोई तनाव में रहने लगता है। ऐसा अक्सर तब होता है जब किसी वजह से हमारे दिमाग का रिदम कुछ बिगड़ता है। सामान्य शब्दों में कहें तो हमारा दिमाग कूल नहीं रहता। ऐसा न हो, इसके लिए कुछ बातों का ध्यान रखना ज़रूरी है। इनसे न सिर्फ हमारी ज़िंदगी पटरी पर रहेगी बल्कि हमारी सोचने की शक्ति, तार्किक शक्ति, फैसला लेने की क्षमता, सभी में इज़ाफा होगा।



हल्दी और अदरक इन दोनों को अपने खाने का हिस्सा ज़रूर बनाएं। खासकर हर दिन 1 से 2 ग्राम (1 से 2 चुटकी) हल्दी दिमाग के लिए अच्छी है। इससे ज्यादा की ज़रूरत नहीं। वहीं अदरक खाने से भी हमारे दिमाग को काफी फायदा होता है। हालांकि अदरक का सेवन सर्दी में ज्यादा और गर्मी में कुछ कम होना चाहिए। इनकी जितनी मात्रा हमें हर दिन चाहिए, वह हमारे घरों में मसालों से मिल जाता है।

नॉनवेज़ इससे जितनी दूरी रखेंगे, उतना फायदा होगा। वैसे भी नॉनवेज़ खाकर हम कुदरत पर अतिरिक्त बोझ ही डालते हैं। खासकर रेड मीट खाने से बचना चाहिए। अगर मन न माने तो महीने, दो महीने में एक बार खा सकते हैं।



तेल और घी सरसों, कनोला का तेल बढ़ियाः ये पॉलिअनसेचुरैटिड फैट(पूफा) हैं। ये दिमाग के लिए भी बढ़िया हैं। इन्हें खाने में शामिल करना चाहिए। घीः देसी घी की कुछ मात्रा यानी आधा चम्मच हर दिन ले सकते हैं। हरी पत्तेदार सब्ज़ियां

ये सेहत के लिए अच्छी हैं, लेकिन इन्हें सही तरीके से साफ करना बेहद ज़रूरी है। हरी सब्जियों में टेपवर्म के अंडे की मौजूदगी हो सकती है। इस वजह से इन्फेक्शन हो जाता है। यह इन्फेक्शन जब दिमाग तक पहुंच जाता है तो बेहोशी भी आ सकती है। इसलिए पत्तेदार सब्जियों को अच्छी तरह से साफ करके और पकाकर खाएं तो बेहतर है।

चीनी की जगह गुड़ बेहतर चीनी एडिक्शन पैदा करती है। इसकी सफाई में केमिकल इस्तेमाल होता है। ज्यादा शुगर लेने से कैंसर का रिस्क भी बढ़ जाता है। इसलिए इससे दूरी बनाएं। इसकी जगह गुड़ बेहतर है। कुछ मात्रा में मीठा लेना ही हो तो इन्हें ले सकते हैं। दिन के 2 बजे के बाद कॉफी या चाय न लें। इनमें कैफीन होता है जो हमारी नींद भगाता है।



नींद पूरी करें हर दिन यानी 24 घंटे में 7 से 8 घंटे की नींद बेहद ज़रूरी है। दरअसल, हम बाकी 16 से 17 घंटे में जो भी काम करते हैं, वह नींद के दौरान ही हमारी मेमरी के रूप में सेव होता है। यही कारण है कि जब किसी की नींद खराब होती है तो उसकी मेमरी भी डिस्टर्ब हो जाती है। कई लोगों को जॉब या दूसरी वजहों से अगर रात 9 बजे से सुबह 4-5 बजे के बीच सोना मुमकिन न हो तो बाद में लगातार 7 से 8 घंटे तक सोकर अपनी नींद पूरी कर लेनी चाहिए।

**स्ट्रेस है नींद का दुश्मन**

नींद आने में परेशानी की सबसे बड़ी वजह है तनाव। वैसे ज़िंदगी के लिए कुछ स्ट्रेस ज़रूरी है, लेकिन जब इससे रोजमर्रा का रुटीन बिगड़ने लगे, तब हल ज़रूर खोजना चाहिए। ध्यान करने से तनाव कम होता है। अपनी सांसों को आते-जाते महसूस करना। ध्यान के दौरान अपने विचारों को अलग होकर देखना।

**स्ट्रेस की कई वजह से नहीं आती नींद**

**लेबलिंगः** अगर किसी शख्स को किसी खास हालात में गुस्सा आया हो तो हम यह कहने लगते हैं कि वह शख्स गुस्सैल है जबकि वह किसी खास स्थिति में ही आगबबूला हुआ था। इससे लोगों को स्ट्रेस होता है। **क्या है उपायः** लेबल से ऊपर उठकर दूसरे शख्स से ताज़ा दिमाग के साथ बर्ताव करें।

**ओवरथिंकिंगः** सोच का सिलसिला शुरू हुआ तो रुकने का नाम नहीं लेता। फिर बेड पर मिनटों नहीं, घंटों यों ही करवटें बदलते हुए बीत जाते हैं।

**क्या है उपायः** हमें 15 से 30 मिनट के भीतर नींद आ जानी चाहिए। अगर 30 मिनट से ज्यादा वक्त लग रहा है तो बेड से उठें और जो सबसे बोरिंग काम हो, उसे करें या किताब पढ़ना शुरू कर दें। ध्यान रखें कि टीवी या मोबाइल न देखें।



**मल्टिटास्किंगः** टीवी या मोबाइल देखते हुए खाना खाना, मोबाइल पर बात करते हुए गाड़ी चलाना। इनसे ध्यान बिखरती है। काम अधूरे रह जाते हैं।

**क्या है उपायः** कोशिश होनी चाहिए कि एक बार में एक काम को पूरा ध्यान लगाकर पूरा करें। सोने से पहले अपने अधूरे कामों के बारे में डायरी में लिखें कि मैं अपने .... काम कल कर लूंगा। मोबाइल, लैपटॉप, टीवी की लतः कई बार मोबाइल देखते वक्त कुछ ऐसा देख लेते हैं कि नींद गायब हो जाती है यानी हम तनाव में होते हैं। क्या है उपायः सोने जाने से कम से कम 30 मिनट पहले स्क्रीन से दूरी बना लें तो बेहतर है।

तकिया और बेड बदलनाः यह भी नींद में बाधा पैदा होने की वजह हो सकती है।

**क्या है उपायः** किसी नई जगह पर जाना हो तो अपनी चादर और तकिये का कवर साथ ले जाएं।



**शरीर चलाएं, दिमाग दौड़ेगा**

ब्रेन की क्षमता को मज़बूत करने में मानसिक के साथ-साथ शारीरिक सेहत पर ध्यान देना भी काफी अहम है। **वॉक करनाः** हर दिन 20 मिनट से ज्यादा ब्रिस्क वॉक करें। यह वॉक पार्क में, पैदल चलने वाले रास्तों पर होना चाहिए। सड़क पर वॉक करने की मजबूरी हो तो ट्रैफिक की उलटी दिशा में चलें ताकि सामने से गाड़ी आती दिखे।

**एक्सरसाइज़ करेंः** हर दिन 10 से 15 मिनट एक्सरसाइज़ करें। यह मसल्स की मज़बूती के लिए होनी चाहिए यानी वेट ट्रेनिंग और स्ट्रेंथनिंग एक्सरसाइज़ करें।

**डांसः** यह भी बढ़िया फिजिकल ऐक्टिविटी है। हर दिन 5 से 10 मिनट डांस करना भी काफी है। नए-नए डांस सीखने और डांस करने से पार्किंसन बीमारी में भी फायदा होता है।

**साइकलिंगः** यह बेहतरीन एक्सरसाइज़ है। हर दिन 30 मिनट साइकलिंग करने से पार्किंसन और डिमेंशिया जैसी बीमारी को दूर रखने में मदद मिलती है।

**लगातार नहीं बैठनाः** लगातार बैठना स्मोकिंग से भी ज्यादा खतरनाक हो सकता है। हर 20 मिनट में 3 से 5 मिनट के लिए अपनी सीट से उठें और कुछ दूर चलें। घर हो या ऑफिस, इसका ध्यान रखें।

**स्विमिंगः** यह भी अच्छी फिज़िकल ऐक्टिविटी है। गर्मियों में हर दिन 10 से 20 मिनट स्विमिंग करना काफी है।

**नई चीज़ें सीखना** दिमाग की सीमाओं के विस्तार के लिए यह ज़रूरी है कि हम कुछ नया सीखने की कोशिश करें।

**नई भाषा सीखना** कोई नया इंस्ट्रूमेंट (वाद्य यंत्र) बजाना

चुनौतीपूर्ण ऐक्टिविटीज़ मसलनः पजल्स, सुडोकू खेलना

**इनसे दूरी है ज़रूरी**

नीचे बताई हुई चीज़ें हमारी शारीरिक और मानसिक सेहत को कमज़ोर करती हैंः

**स्मोकिंगः** ब्रेन को कमज़ोर करने में स्मोकिंग की बड़ी भूमिका होती है। इसलिए इससे दूरी बनाएं।

अल्कोहलः शराब से दूर रहना ज़रूरी है।

**ड्रग्सः** ये भी दिमाग पर गहरा असर डालती हैं।

कुछ ऐलोपैथिक दवाएंः ऐसी दवाएं जिनकी लत लग जाती है। मसलनः एंटासिड्स (पेट में गैस की दवाएं), पेनकिलर आदि।

**लंबी उम्र का राज़**

1. फिज़िकल ऐक्टिविटी जीवन का अहम हिस्सा होना चाहिए।

2. दूसरों के साथ मधुर संबंध हों यानी स्ट्रेस बहुत कम रखें।

3. करीबियों से दिल की बातें शेयर करते रहें।

4. 'मैं' नहीं 'हम' पर सहमति होनी चाहिए। न्यूक्लियर नहीं, जॉइंट फैमिली वाली बात होनी चाहिए।

5. दुनिया में ऐसी भी कम्यूनिटी हैं, जहां रहनेवाले लोग लंबी उम्र (औसतन 90-100 साल) जीते हैं। इन्हें ब्लू ज़ोन्स (Blue Zones) कहते हैं। अगर ऊपर बताई गई ज्यादातर बातों को फॉलो किया जाए तो ब्लू ज़ोन्स कहीं भी बनाए जा सकते हैं।

ब्रेन की मज़बूती के लिए ये उपाय भी कारगर

आराम की स्थिति से बाहर निकलनाः जब हम एक ही तरह के काम लगातार करते हैं तो वह हमारी आदत में शामिल हो जाता है। यह ठीक उसी तरह है जैसे हम किसी रास्ते पर बरसों से गाड़ी ड्राइव करते हों तो हमें वह काम बहुत आसान लगता है। इसलिए कुछ नया सीखने की कोशिश होनी चाहिए। अपनी पसंद के काम से बाहर निकलना ज़रूरी है।

**ब्रेन डंपिंगः** अगर कोई काम अधूरा है तो हम उस समस्या के बारे में 4 से 5 लाइनें लिख लें कि क्या करना है? कैसे करना है? आदि। इससे यह होगा कि वह समस्या या अधूरा काम हमें परेशान नहीं करेगा। दूसरे दिन के लिए भी हमारा स्ट्रेस कम हो जाएगा। लिखने से काम हल्का लगता है। दिमाग भी शांत रहेगा और नींद भी सही आएगी।

छोटी-छोटी सीमा तय करेंः अगर कोई बड़ा काम है और उसे एक बार में ही पूरा करने के बारे में सोचेंगे तो बहुत मुश्किल लगेगा। लेकिन जब उसी काम को टुकड़ों में बांट लेंगे कि इतनी देर में इतना ही हिस्सा खत्म करना है और इसके बाद इतना हिस्सा तो वह काम पूरा करना बहुत आसान हो जाएगा।

अलग पहचान
सत्य की उड़ान



# सुपर 8 में ये 3 भारतीय ही डुबवा देंगे भारत की नैया, टूट जाएगा वर्ल्ड चैंपियन बनने का सपना!




**रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय क्रिकेट टीम ने एक बार फिर अपने प्रदर्शन से वर्ल्ड कप में कोहराम मचा रखा है। टीम इंडिया अब सुपर 8 के लिए भी क्वालीफाई कर गई है। हालांकि इन 3 खिलाड़ियों की फॉर्म भारत के लिए सबसे बड़ा चिंता का विषय है।**

नई दिल्ली

3 में से 3 मुकाबले जीतने के बाद भारतीय क्रिकेट टीम ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 में सुपर 8 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। अब उनका सामना इनफॉर्म ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान से होने वाला है, जिन्होंने इस टूर्नामेंट में अब तक बवाल काटा है। बतौर ग्रुप टीम इंडिया का प्रदर्शन अब तक सातवें आसमान पर रहा है। लेकिन टीम में 3 खिलाड़ी ऐसे भी हैं जोकि इस वक्त आउट ऑफ फॉर्म चल रहे हैं। उनका आउट ऑफ फॉर्म रहना भारत के लिए सुपर 8 में भारी पड़ सकता है। आखिर कौन हैं यह खिलाड़ी, आइये जानते हैं।

**विराट कोहली** भारतीय टीम के रनमशीन विराट कोहली का बल्ला अब तक इस पूरे वर्ल्ड कप में खामोश रहा है, जोकि टीम इंडिया के लिए सबसे बड़ी चिंता का विषय है। अब तक 3 मैचों में विराट ने सिर्फ 5 रन बनाए हैं। वहीं अमेरिका के खिलाफ तो वह गोल्डन डक पर आउट हो गए थे।

**शिवम दुबे** पाकिस्तान के खिलाफ शिवम दुबे का बल्ला पूरी तरह से खामोश रहा था। लेकिन यूएसए के खिलाफ उन्होंने 31 रन की मैच विनिंग पारी खेली और थोड़ी लय हासिल की। हालांकि सुपर 8 में भारत का सामना ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान जैसी इन फॉर्म टीमों से होगा। अब उनके खिलाफ भी दुबे उम्मीदों पर खरे उतरते हैं या नहीं वो देखना होगा। हालांकि वर्ल्ड कप टीम में सिलेक्ट होने के बाद से दुबे कुछ खास नहीं कर पाए हैं। आईपीएल के सेकिंड हाफ में शिवम का प्रदर्शन काफी साधारण रहा था।

**रविंद्र जडेजा** भारतीय टीम के अनुभवी ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा के लिए अब तक यह वर्ल्ड कप बिल्कुल भी खास नहीं रहा है। जडेजा वर्ल्ड कप में अब तक एक भी रन, एक भी विकेट, एक भी कैच। यहां तक कि एक भी रन आउट नहीं कर पाए हैं। सुपर 8 में जडेजा का फॉर्म में आना बहुत जरूरी है। नहीं तो भारत को नुकसान हो सकता है।




# अनबन की खबरों के बीच शुभमन गिल का मास्टर स्ट्रोक, इंस्टाग्राम पर शेयर की रोहित शर्मा संग फोटो

**टी-20 विश्व कप के बीच में कप्तान रोहित शर्मा के फैंस ने शुभमन गिल को ट्रोल करना शुरू कर दिया था। खबर आई कि गिल ने भारतीय कप्तान से अनबन के बाद उन्हें इंस्टाग्राम पर अनफॉलो कर दिया। अब शुभमन ने रोहित के साथ फोटो शेयर की है।**

**लौडरहिल (अमेरिका):** भारतीय सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने कप्तान रोहित शर्मा के साथ इंस्टाग्राम स्टोरी पर फोटो शेयर करते हुए अनबन और मनमुटाव की अफवाहों को सिरे से नकार दिया। बीते दिनों मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया था कि शुभमन गिल और रोहित शर्मा के बीच सबकुछ ठीक नहीं है और ये सबकुछ तब शुरू हुआ, जब टी-20 वर्ल्ड कप के बीच में ट्रेवलिंग रिजर्व में शामिल युवा ओपनर को वापस भारत वापस भेजने की खबर सामने आई। गिल ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर रोहित शर्मा और उनकी गोद में बेटी समायर के साथ फोटो क्लिक करवाई और कैप्शन में लिखा, 'सैमी (समायरा) और मैंने अनुशासन की कला रोहित शर्मा से सीखी है।'

**अनुशासनहीनता के आरोप** शुभमन गिल के बारे में पहली बार गैर अनुशासनात्मक रवैये का आरोप लगा है। कहा जा रहा है कि वह भारतीय टीम के साथ ट्रेवल करने के बजाय स्टार्ट अप इवेंट में शामिल हुए। सोशल मीडिया पर शेयर की गई तस्वीरों में उनके साथ दो दोस्त भी नजर आ रहे हैं, जिसे उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर भी शेयर किया है। भारत के मुकाबलों के दौरान रिंकू सिंह स्टेडियम में नजर आए, लेकिन गिल कभी भी मैदान पर नहीं दिखे। हालांकि गिल हमेशा से एक क्लासिक बल्लेबाज रहे हैं। वह अपने जुनून और पेशे को गंभीरता से लेने के लिए जाने जाते हैं। विश्व कप में चयन के कारण गिल की रोहित से लड़ाई की अफवाहें सबसे झूठी कहानी हैं।

भारतीय टीम के साथ ट्रैवलिंग रिजर्व के तौर पर टी20 विश्व कप 2024 के लिए अमेरिका गए शुभमन गिल इन दिनों सुर्खियों में हैं। शुभमन को लेकर कहा जा रहा है कि अनुशासनहीनता के कारण उन्हें वापस भारत भेजा जा रहा है। ऐसे में फैंस के मन में भी कई तरह के सवाल हैं कि आखिरी टीम इंडिया जब टी20 विश्व कप मुकाबलों के लिए पसीना बहा रही थी तो आखिर शुभमन गिल क्या कर रहे थे।

# सुपर-8 में तगड़ी लड़ाई, 24 जून को ऑस्ट्रेलिया से टक्कर, कितने मैच जीतकर सेमीफाइनल पहुंचेगा भारत




**T20 World Cup 2024: सुपर-8 राउंड का पहला मैच दक्षिण अफ्रीका और अमेरिका के बीच एंटीगुआ में होगा। वेस्टइंडीज 19 जून की शाम को सेंट लूसिया में इंग्लैंड से भिड़ेगा। भारत ग्रुप-1 में होगा और उसके साथ ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान का होना तय हो चुका है।**

टी-20 वर्ल्ड कप में भारत ग्रुप ए में टॉप रहने के साथ लीग स्टेज का अंत कर चुका है। भारत ने चार में से तीन मैच जीते जबकि कनाडा के खिलाफ उसका आखिरी मैच बारिश के चलते रद्द हो गया। इसी के साथ सुपर-8 की तस्वीर भी साफ हो चुकी है। भारत ग्रुप-1 में होगा और उसके साथ ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान का मैच होना तय हो चुका है। वहीं ग्रुप-2 में साउथ अफ्रीका, वेस्टइंडीज और अमेरिका की जगह पक्की हो चुकी है। भारत के ग्रुप में चौथी टीम बांग्लादेश या नीदरलैंड्स में से एक होगी। यानी ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान वो दो टीमें हैं, जिनसे टीम इंडिया को सतर्क रहने की जरूरत है। इस ग्रुप से दो टीमें ही सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई करेंगी। अफगानिस्तान को कहीं से भी कमजोर नहीं आंका जा सकता जो न्यूजीलैंड को हराकर यहां तक पहुंचा है। ऐसे में टीम को अपने बेस्ट कॉम्बिनेशन के साथ ही उतरना होगा, वरना यहां विपक्षी टीमें खराब शुरुआत से टीम इंडिया को उबरने का मौका शायद ही दें। सबसे पहले सुपर-8 में क्वालीफाई करने वाली साउथ अफ्रीकी टीम ग्रुप-2 में सबसे ऊपर है। इसके बाद दोनों मेजबान टीम यानी वेस्टइंडीज और अमेरिका का नंबर आता है। आखिरी पोजिशन पर इंग्लैंड ने क्वालिफाई किया। अगर मौसम बेइमान न होता तो अमेरिका की जगह पाकिस्तान सुपर-8 में पहुंच सकता था।

# हम भी इंसान हैं, गलती हमसे भी... पाकिस्तान टीम को पड़ रही 'गालियों' के बीच इमाद वसीम का छलका दर्द




**बाबर आजम की कप्तानी वाली पाकिस्तान क्रिकेट टीम का प्रदर्शन मौजूदा टी20 वर्ल्ड कप 2024 में काफी ज्यादा निराशाजनक रहा। पाकिस्तान वर्ल्ड कप के पहले राउंड में ही बाहर हो गई। वहीं अब टीम के अनुभवी ऑलराउंडर इमाद वसीम ने टीम को लेकर बड़ा बयान भी दिया है।**

नई दिल्ली

पाकिस्तान टीम के अनुभवी ऑलराउंडर इमाद वसीम ने माना है कि पाकिस्तानी टीम गलत थी और उसने गलतियां कीं, जिसकी वजह से टीम टी20 वर्ल्ड कप के ग्रुप स्टेज से ही बाहर हो गई। उन्होंने फैंस और मीडिया से ये समझने की गुहार लगाई कि खिलाड़ी भी इंसान ही होते हैं।अमेरिका और आयरलैंड के बीच ग्रुप ए का मैच बारिश में धुल गया, जिस कारण पाकिस्तान 'सुपर 8' की रेस से बाहर हो गया। वहीं, टूर्नामेंट में पहली बार खेल रहे अमेरिका ने इस बड़े टूर्नामेंट के अगले चरण में प्रवेश कर इतिहास रच दिया। बता दें कि अमेरिका ने पाकिस्तान को सुपर ओवर में हराया था। इस उलटफेर से ही पाकिस्तान टीम वर्ल्ड कप के पहले राउंड से बाहर हो गई। वहीं अब इमाद वसीम ने बड़ा बयान भी दिया। **पाकिस्तान के बाहर होने पर क्या बोले इमाद वसीम?** इमाद वसीम ने इस बात को स्वीकार किया कि पाकिस्तान टीम से बतौर एक ग्रुप परफॉर्मेंस नहीं हुई और टीम के इस निराशाजनक प्रदर्शन के वह जिम्मेदार हैं। इमाद वसीम ने कहा, 'पुरी टीम से परफॉर्म नहीं हुई और हम लोग इसके कसूरवार हैं। बुरी चीज हुई है। पर क्या पता पाकिस्तान क्रिकेट के लिए यह बहुत बड़ी चीज हो फिर इसको रिवेम्प और फिर से देखा जाए।' इमाद वसीम ने इसके अलावा मीडिया से बातचीत करते हुए काफी मुद्दों पर बात की। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान को अपने खेल में सुधार करने के लिए क्या-क्या करना पड़ सकता है। हालांकि इमाद ने मीडिया से जाते-जाते एक बात कही, जिसके चलते वह सुर्खियों में हैं। उन्होंने कहा, ' एक बात यह भी कहना चाहूंगा कि हम भी इंसान हैं। हमसे भी गलती हो सकती है और दुख हमे भी होता है इस चीज का।'**इमाद वसीम का इंटरनेशनल करियर** 35 साल के इमाद वसीम ने अपने इंटरनेशनल करियर में पाकिस्तान के लिए कुल 55 वनडे और 74 टी20 मुकाबले खेले हैं। इस दौरान उन्होंने वनडे में 986 रन बनाए हैं और 44 विकेट लिए हैं। वहीं टी20 में इमाद ने 550 रन बनाने के साथ-साथ 70 विकेट झटके हैं।

# विराट पर गिरेगी गाज या स्पिन डिपार्टमेंट में फेरबदल? सुपर 8 में अब नया कॉम्बिनेशन आजमाने की बारी




**आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 में अब तक रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम अजय रही है। उन्होंने ग्रुप स्टेज में 3 में से 3 मुकाबले जीतकर सुपर 8 के लिए क्वालीफाई किया। वहीं भारत का आखिरी मैच कनाडा के खिलाफ धुल गया।**

नई दिल्ली

अमेरिका और वेस्टइंडीज की मेजबानी में हो रहे इस बार के टी20 वर्ल्ड कप की पिचों के लेकर भाग लेने वाली टीमों के बीच शुरुआत से ही संशय था। एक अंदाजा यह था कि ये धीमी होंगी और उसी अंदाजे को आधार बनाकर भारतीय सिलेक्टर्स ने अपनी वर्ल्ड कप की टीम में चार स्पिनर्स को जगह दी थी। लेकिन यहां अभी तक पिचों ने बिल्कुल अलग व्यवहार किया है। पिच धीमी तो रही हैं लेकिन ये पेसर्स के लिए ज्यादा मददगार दिखीं। इस कारण चार स्पिनर्स का भारतीय फॉर्म्युला फिलहाल कारगर नजर नहीं आ रहा। लीग स्टेज को शुरुआती तीन मैचों में भारत ने कुल 56 ओवर डाले हैं जिनमें से सिर्फ नौ ओवर ही स्पिनर्स के हिस्से आए हैं। **कुलदीप की हो सकती है एंट्री:** भारतीय बोलिंग में स्पिन विभाग की अगुआई कुलदीप यादव करते हैं। लेकिन अभी तक उन्हें अंतिम 11 में जगह नहीं मिली है। उनके अलावा मौजूदा टीम में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले स्पिनर युजवेंद्र चहल भी टीम में हैं लेकिन उन्हें 11 में जगह शायद ही मिले। अभी तक रविंद्र जडेजा और अक्षर पटेल को ही सभी मैचों में मौका मिला है, जिसके पीछे बड़ी वजह उनकी बैटिंग योग्यता है। अक्षर ने कुछ विकेट निकाले हैं। लेकिन जडेजा का बोलिंग में खाता नहीं खुला है। एक मैच में उन्हें बोलिंग भी नहीं मिली। स्पिनर्स के कम इस्तेमाल को देखते हुए उम्मीद कम ही है कि भारत किसी मुकाबले में तीन स्पिनर्स के साथ मैदान पर उतरे, वहीं जडेजा के खराब फॉर्म को देखते हुए उनकी जगह कुलदीप को टीम में शामिल कर अपनी गेंदबाजी को और भी घातक बना सकती है। टीम इंडिया ने इस वर्ल्ड कप में रोहित शर्मा और विराट कोहली की नई ओपनिंग जोड़ी को आजमाया जोकि अभी तक सफल नहीं रही है। रोहित ने रन बनाए हैं। लेकिन आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले विराट कोहली का बल्ला नहीं चला है। अभी तक तीन पारियों में विराट का स्कोर 4, 1 और 0 रहा है। वह टूर्नामेंट के टॉप 150 स्कोरर की लिस्ट में शामिल नहीं हैं। यह अब तक साफ हो चुका है कि इस टी20 वर्ल्ड कप के हालात आईपीएल के हालात से एकदम अलग हैं।

# 11 रन, 4 विकेट और... ओमान के बल्लेबाजों को 'निगल' गया यह अंग्रेज, अपने मायाजाल में यूं जकड़ा




**आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 में अब तक रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम अजय रही है। उन्होंने ग्रुप स्टेज में 3 में से 3 मुकाबले जीतकर सुपर 8 के लिए क्वालीफाई किया। वहीं भारत का आखिरी मैच कनाडा के खिलाफ धुल गया।**

नई दिल्ली

अमेरिका और वेस्टइंडीज की मेजबानी में हो रहे इस बार के टी20 वर्ल्ड कप की पिचों के लेकर भाग लेने वाली टीमों के बीच शुरुआत से ही संशय था। एक अंदाजा यह था कि ये धीमी होंगी और उसी अंदाजे को आधार बनाकर भारतीय सिलेक्टर्स ने अपनी वर्ल्ड कप की टीम में चार स्पिनर्स को जगह दी थी। लेकिन यहां अभी तक पिचों ने बिल्कुल अलग व्यवहार किया है। पिच धीमी तो रही हैं लेकिन ये पेसर्स के लिए ज्यादा मददगार दिखीं। इस कारण चार स्पिनर्स का भारतीय फॉर्म्युला फिलहाल कारगर नजर नहीं आ रहा। लीग स्टेज को शुरुआती तीन मैचों में भारत ने कुल 56 ओवर डाले हैं जिनमें से सिर्फ नौ ओवर ही स्पिनर्स के हिस्से आए हैं।

**कुलदीप की हो सकती है एंट्री:**

भारतीय बोलिंग में स्पिन विभाग की अगुआई कुलदीप यादव करते हैं। लेकिन अभी तक उन्हें अंतिम 11 में जगह नहीं मिली है। उनके अलावा मौजूदा टीम में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले स्पिनर युजवेंद्र चहल भी टीम में हैं लेकिन उन्हें 11 में जगह शायद ही मिले। अभी तक रविंद्र जडेजा और अक्षर पटेल को ही सभी मैचों में मौका मिला है, जिसके पीछे बड़ी वजह उनकी बैटिंग योग्यता है। अक्षर ने कुछ विकेट निकाले हैं। लेकिन जडेजा का बोलिंग में खाता नहीं खुला है। एक मैच में उन्हें बोलिंग भी नहीं मिली। स्पिनर्स के कम इस्तेमाल को देखते हुए उम्मीद कम ही है कि भारत किसी मुकाबले में तीन स्पिनर्स के साथ मैदान पर उतरे, वहीं जडेजा के खराब फॉर्म को देखते हुए उनकी जगह कुलदीप को टीम में शामिल कर अपनी गेंदबाजी को और भी घातक बना सकती है। ीम इंडिया ने इस वर्ल्ड कप में रोहित शर्मा और विराट कोहली की नई ओपनिंग जोड़ी को आजमाया जोकि अभी तक सफल नहीं रही है। रोहित ने रन बनाए हैं। लेकिन आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले विराट कोहली का बल्ला नहीं चला है।

# ऑस्ट्रेलिया की मदद से सुपर-8 में पहुंचा इंग्लैंड, आखिरी ओवर में लड़कर हारा स्कॉटलैंड

**ऑस्ट्रेलिया ने स्कॉटलैंड को पांच विकेट से हराकर इंग्लैंड को टी-20 विश्व कप के सुपर आठ में पहुंचाया। टॉस गंवाकर पहले बैटिंग करते हुए स्कॉटलैंड ने ऑस्ट्रेलिया के सामने 181 रन का विशाल लक्ष्य रखा, जिसे कंगारुओं ने दो गेंद पहले पांच विकेट से हासिल कर लिया।**

**सेंट लुसिया:** टी-20 वर्ल्ड कप में ग्रुप बी के आखिरी लीग मैच में ऑस्ट्रेलिया ने स्कॉटलैंड को आखिरी ओवर में हराया, जिसका सीधा फायदा इंग्लैंड को मिला और बेहतर रन रेट के आधार पर अंग्रेज सुपर-8 में पहुंच गए। इस ग्रुप से ऑस्ट्रेलिया पहले ही क्वालीफाई कर चुका था। अगर स्कॉटलैंड इस मैच में कंगारुओं को हराने में कामयाब हो जाती तो वो सुपर-8 में पहुंच जाती, लेकिन ऐसा हो न सका। स्कॉटलैंड द्वारा दिए गए 181 रन के लक्ष्य का जवाब में ऑस्ट्रेलिया एक समय गहरे संकट में था। 9वें ओवर में स्कोर तीन विकेट के नुकसानर पर 60 रन हो चुका था। मगर यहां से ट्रेविस हेड (49 गेंदों में 68 रन) और मार्कस स्टोइनिस (29 गेंदों में 59 रन) ने टीम को मुश्किलों से उबारा। **NRR ने इंग्लैंड को बचाया** ऑस्ट्रेलिया ने पहले ही सुपर-8 राउंड में जगह पक्की कर ली थी, लेकिन अब वे अजेय रिकॉर्ड के साथ अगले दौर में प्रवेश कर रहे हैं। स्कॉटलैंड के पास सुपर-8 में पहुंचने का बढ़िया मौका था। डकवर्थ लुईस मैथड से नामीबिया पर इंग्लैंड की जीत का मतलब था कि स्कॉटलैंड को आज हर हाल में जीतना जरूरी था। हार ने एनआरआर को खेल में ला दिया, जहां इंग्लैंड को फायदा हुआ। ग्रुप बी में दोनों टीमें ने अपना सफर पांच-पांच अंकों के साथ खत्म किया, लेकिन इंग्लैंड रेस में आगे निकल गया क्योंकि उनका एनआरआर 3.61 था जबकि स्कॉटलैंड का एनआरआर 1.25 था। **लड़कर हारा स्कॉटलैंड** इससे पहले, टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करते हुए स्कॉटलैंड ने ब्रैंडन मैकमुलेन (34 गेंदों पर 60 रन), जॉर्ज मुन्से (35) और कप्तान रिची बेरिंगटन (42) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 180 रन बनाए। मैकमुलेन ने आउट होने से पहले 26 गेंदों में अर्धशतक जमाया, वह 60 रन बनाकर आउट हुए जबकि मुन्से ने 35 रन बनाए और स्कॉटलैंड को एक बड़े स्कोर की ओर ले गए।




स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अन्नपूर्णा गुप्ता द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस प्लॉट नं 0535 एवं 1272 खलारी टाटू रोड पुलिस स्टेशन रांची में विजय जनरल स्टोर सिनू चौक रांची 834002 से प्रकाशित
प्रधान संपादक अन्नपूर्णा गुप्ता कार्यालय फोन नं .651-2253830 ,9471717919, 9123244805 RNI NO JHAHIN / 2013/66670